**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
# विजडम इंडिया
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति
EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 15 अंकः 264 लखनऊ, मंगलवार 19 मई 2026 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08

## भारत और नार्वे के बीच आर्थिक सहयोग लगातार विस्तार पा रहा-पीएम मोदी

एजेंसी।
दिल्ली। भारत और नॉर्वे के बीच आर्थिक सहयोग लगातार विस्तार पा रहा है। भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के बीच व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता अक्टूबर 2025 से लागू हो चुका है। यह विकसित यूरोपीय देशों के साथ भारत का पहला मुक्त व्यापार समझौता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नॉर्वे और स्वीडन यात्रा ने भारत और नॉर्डिक देशों के बीच तेजी से मजबूत होते रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी संबंधों को नई दिशा दी है। नॉर्वे पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े रहने के लिए नॉर्वे का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं, संघर्षों और ध्रुवीकरण के दौर में उन देशों के साथ साझेदारी को मजबूत करना बेहद आवश्यक है, जिनके साथ लोकतांत्रिक मूल्य और समान हित साझा होते हैं।हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा कई मायनों में ऐतिहासिक मानी जा रही है। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नॉर्वे की पहली द्विपक्षीय यात्रा है और पिछले तैंतालीस वर्षों में भारतीय प्रधानमंत्री स्तर की पहली नॉर्वे यात्रा भी है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गार स्तोरे से विस्तृत बातचीत की।हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजा हैराल्ड पंचम और रानी सोन्या से भी मुलाकात की। दोनों देशों के नेताओं ने व्यापार, प्रौद्योगिकी, निवेश, समुद्री



सहयोग और अनुसंधान से जुड़े विषयों पर विचार विमर्श किया।हम आपको बता दें कि भारत और नॉर्वे के बीच आर्थिक सहयोग लगातार विस्तार पा रहा है। भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के बीच व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता अक्टूबर 2025 से लागू हो चुका है। यह विकसित यूरोपीय देशों के साथ भारत का पहला मुक्त व्यापार समझौता है। इस समझौते के तहत अगले पंद्रह वर्षों में एक लाख करोड़ डॉलर के निवेश और दस लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है। भारत सरकार ने निवेश प्रक्रियाओं को तेज करने के लिए विशेष ईएफटीए डेस्क भी स्थापित किया है।दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024–25 में भारत और नॉर्वे के बीच वस्तु व्यापार लगभग एक अरब डॉलर तक पहुंच गया, जबकि भारत की सेवा निर्यात आय आठ सौ छिहत्तर मिलियन डॉलर रही। नॉर्वे का सरकारी पेंशन कोष, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा सार्वभौमिक संपत्ति कोष माना जाता है, भारतीय पूंजी बाजार में लगभग तीस अरब डॉलर का निवेश कर चुका है। भारतीय अधिकारियों का मानना है कि आने वाले समय में यह निवेश और तेजी से बढ़ेगा। समुद्री क्षेत्र में भी दोनों देशों का सहयोग नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है। कोच्चि शिपयार्ड नॉर्वे के लिए पर्यावरण अनुकूल जहाज तैयार कर रहा है, जबकि गुजरात के पिपावाव शिपयार्ड को भी नॉर्वेजियन कंपनियों से नए आदेश मिले हैं। भारतीय शिपयार्ड अब नॉर्वेजियन जहाज मालिक संघ की कुल ऑर्डर बुक का ग्यारह प्रतिशत हिस्सा संभाल रहे हैं। इसके अलावा भारत और नॉर्वे समुद्री सुरक्षा, ध्रुवीय अनुसंधान, विज्ञान और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी गहरा सहयोग विकसित कर रहे हैं।अंतरिक्ष और आर्कटिक अनुसंधान में भी दोनों देशों की साझेदारी तेजी से मजबूत हुई है। स्वालबार्ड में इसरो के एंटीना संचालन शुरू होने से भारत की आर्कटिक अनुसंधान क्षमता और सशक्त हुई है। हिमाद्रि अनुसंधान केंद्र में अब तक चार सौ से अधिक वैज्ञानिक कार्य कर चुके हैं। वहीं इंडआर्क समुद्री वेधशाला से प्राप्त आंकड़े भारत में मानसून पूर्वानुमान के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रहे हैं। दोनों देश अपतटीय पवन ऊर्जा, स्वच्छ ऊर्जा, कार्बन भंडारण, बैटरी प्रौद्योगिकी और आर्कटिक वैज्ञानिक अभियानों में भी सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को तीसरे भारत नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे, जिसमें नॉर्वे, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड और स्वीडन के प्रधानमंत्री शामिल होंगे। वर्ष 2024 में भारत और नॉर्डिक देशों के बीच वस्तु एवं सेवा व्यापार उन्नीस अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। सात सौ से अधिक नॉर्डिक कंपनियां भारत में सक्रिय हैं, जबकि लगभग डेढ़ सौ भारतीय कंपनियां नॉर्डिक देशों में काम कर रही हैं। इस शिखर सम्मेलन में हरित हाइड्रोजन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, छठी पीढ़ी की दूरसंचार तकनीक, जहाज निर्माण और जलवायु वित्त जैसे विषयों पर विशेष ध्यान रहेगा। हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की स्वीडन यात्रा भी बेहद महत्वपूर्ण रही। भारत और स्वीडन ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने पर सहमति जताई।

## मिशन रोजगार नायब तहसीलदार पद पर सर्वाधिक 258 युवा हुए चयनित, 72 युवा बने खंड विकास अधिकारी

संवाददाता।
लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सोमवार को बड़े पैमाने पर नियुक्ति पत्र वितरित किए गये। उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्यध्प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2024 के अंतर्गत सोमवार को 21 विभागों में विभिन्न पदों पर चयनित 932 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिले। इसमें सर्वाधिक (258 युवा) नायब तहसीलदार बने। 196 सहायक आयुक्त (वाणिज्य कर) तथा 142 युवाओं को वाणिज्य कर अधिकारी पद पर नियुक्ति मिली। 72 युवा खंड विकास अधिकारी बने। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों लोकभवन में नियुक्ति पत्र पाकर नवचयनितों के चेहरे खिल उठे। यूपी में हुई नई नियुक्तिउप जिलाधिकारी– 37पुलिस उपाधीक्षक– 17सहायक आयुक्त (वाणिज्य कर)– 196 सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी– 16कोषाधिकारीध्लेखाधिकारी– 22जिला कमांडेंट होमगार्ड्स– 02 कारागार अधीक्षक– 01 सहायक आयुक्त (उद्योग)– 18 कार्य अधिकारी– 23 खंड विकास अधिकारी– 72 जिला समाज कल्याण अधिकारी– 09 जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी– 01 जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी– 05 वाणिज्य कर अधिकारी– 142 जिला खाद्य विपणन अधिकारी–02 नायब तहसीलदार– 258 उप कारापाल– 60 जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी– 04 उप निबंधक– 40 उप्र कृषि सेवा समूह 'ख' सेक्शन–सी, श्रेणी–2, सांख्यिकी अधिकारी–03 सहायक नियंत्रक विधिक माप विज्ञान श्रेणी 2 दृ 01 व्यवस्थापक, राज्य संपत्ति विभाग–02 सहायक निदेशक, उद्योग (हथकरघा)–01 सीएम योगी के हाथों इन्हें मिला नियुक्ति पत्र नेहा पांचाल (डिप्टी कलेक्टर)– नई दिल्ली आकृति शुक्ला (पुलिस उपाधीक्षक)– प्रयागराज निधि नागर (सहायक आयुक्त, राज्यकर)– गौतमबुद्ध नगर निहारिका राय



(राज्य कर अधिकारी)– शाहजहांपुर महेश विक्रम श्रीवास्तव (खंड विकास अधिकारी) मीरजापुर श्रुति शुक्ला (जिला कमांडेंट होमगार्ड) बलरामपुर पार्थ सारथी– (उपनिबंधक)– बिजनौर आशीष सिंह– (जिला खाद्य विपणन अधिकारी) लखनऊ अविनाश सागर– (सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी)– अयोध्या प्रिया शर्मा– (जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी)– बाराबंकी राहुल पांडेय– (जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी)– बलिया गरिमा सिंह– (जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी)– कानपुर नगर गगन आनंद वर्मा– (लेखाधिकारीध कोषाधिकारी)– गोरखपुर प्रियंका नायक– (जिला समाज कल्याण अधिकारी)–गोरखपुर विकास चंद्र पांडेय– (सहायक आयुक्त उद्योग)– सोनभद्र साहिबा बानो– (नायब तहसीलदार)– रायबरेली प्रियंका– (उप्र कृषि सेवा समूह 'ख') अधिकारी–मेरठ नीलेश कुमार सिंह– (सहायक नियंत्रक विधिक माप)– बस्ती सत्यम सिंह यादव– (उप कारापाल)– कौशांबी अंकित कुमार– (कार्य अधिकारी, पंचायती राज)– अमरोहा पूजा मिश्रा– (कार्य अधिकारी, पंचायती राज)– मैनपुरी

## सीएम योगी ने नवचयनितों का किया हौसला अफजाई, कहा- जो यूपी में सफल, वह हर जगह सफल

संवाददाता।
लखनऊ। योगी सरकार के मिशन रोजगार के अंतर्गत सोमवार को 21 विभागों में विभिन्न पदों पर 932 युवा शामिल हुए। उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्यध्प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2024 के अंतर्गत चयनित युवाओं को सोमवार को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। लोकभवन में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर नवचयनितों के चेहरे खिल उठे। सीएम योगी ने नवचयनित युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से संपन्न करने के लिए उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग को बधाई दी।चयनित अभ्यर्थियों की हौसला अफजाई करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जो भी अधिकारी व कर्मचारी भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में यूपी के अंदर काम कर लेगा, देश–दुनिया में उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। जो यूपी में सफल है, वह हर जगह सफल है, क्योंकि 25 करोड़ आबादी का यूपी अलग–अलग परिस्थितियों में काम करता है और सम–विषम परिस्थितियों में परिणाम भी देता है। आप सभी को ऐसे राज्य में कार्य करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।सीएम ने चयनित युवाओं से कहा कि यह आपके, माता–पिता, अभिभावक, पारिवारिक सदस्यों, मित्रों के लिए



खुशी का पल है। आपकी सफलता प्रदेश की सफलता का आधार बनना चाहिए। जिस पारदर्शी तरीके से आपका चयन हुआ है,शासन भी सर्विस कालखंड के दौरान उसी पारदर्शी व शुचितापूर्ण कार्यपद्धति की अपेक्षा करता है। जो कार्य आज करना है, उसे आज ही करने की आदत डालनी पड़ेगी। पहले 10 वर्ष में जो मेहनत कर पाएंगे, वह आपके आगे के 30–35 वर्ष के सेवाकाल व उसके बाद के कार्यकाल के लिए भी मजबूत नींव होगी। परिश्रम व्यक्ति को सफलता की ऊंचाई तक पहुंचाता है। आपका परिश्रम ईमानदार व्यवस्था के साथ जुड़ता है तो परिणाम आता है। यही परिणाम आगे भी परिश्रम का आधार बनेगा तो वह जीवन भर सुखद अनुभूति का अहसास कराएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की मंशा, व्यवस्था और कार्ययोजना क्या है। उसे इंप्लीमेंट करने के लिए भर्ती आयोग व बोर्ड की कार्यपद्धति उदाहरण बनती है। अगर भर्ती प्रक्रिया ही पारदर्शी व शुचितापूर्ण न हो तो जिन लोगों का चयन होगा, उनसे ईमानदारी से परिणाम देने, प्रदेश की गति को प्रगति व समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान देने की बात दिवास्वप्न ही होगी। गति को प्रगति की ओर वही ले जा सकता है, जिसका ईमानदारी से चयन हो और जिसने परिश्रम–मेहनत से स्थान प्राप्त किया है। सिफारिश और पैसे के लेन–देन से चयनित व्यक्ति प्रगति नहीं, दुर्गति कराएगा। 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में यही होता था। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर ईश्वर की असीम कृपा है। यह एमएसएमई का दुनिया का बेहतरीन आधार रखने वाला प्रदेश है, लेकिन सबसे बड़ी आबादी का युवा राज्य बीमारू व पहचान के लिए मोहताज हो गया था। उत्तर प्रदेश का युवा बाहर जाता था तो पहचान छिपाता था, लेकिन आपकी पीढ़ी सौभाग्यशाली है। जब प्रदेश इस व्यवस्था से निकला तो आपकी आयु 10–15 वर्ष रही होगी। आप मां–बाप, भाई–बहन की अंगुली पकड़कर स्कूल जाते होंगे। आप सौभाग्यशाली हैं कि आपको नकल विहीन परीक्षा देने का अवसर प्राप्त हुआ। आपने स्कूली शिक्षा, विश्वविद्यालय, प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम के साथ ही चयन प्रक्रिया की शुचितापूर्ण व्यवस्था भी देखी है, लेकिन 2017 से पहले यह संभव नहीं था। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंच पर सीमित लोगों को ही बुलाकर नियुक्ति पत्र दिया गया। सभी 932 अधिकारी सीधे नियुक्ति पत्र पाने के अधिकारी हैं, लेकिन समय की सीमा है।

## मुम्बई अहमदाबाद बुलेट ट्रेन की पहली झलक! रेल मिनिस्ट्री में दिखी भविष्य की रफ्तार

दिलेली।
रेल मंत्रालय ने मुंबई–अहमदाबाद बुलेट ट्रेन की पहली झलक प्रदर्शित की है, जो 15 अगस्त, 2027 को लॉन्च होने वाली है। इस 508 किलोमीटर लंबे हाई–स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण पूरा हो चुका है और गुजरात तथा महाराष्ट्र में स्टेशनों व पुलों का निर्माण कार्य उन्नत चरण में है। नई दिल्ली में रेल मंत्रालय में अहमदाबाद–मुंबई कॉरिडोर के लिए भारत की आगामी बुलेट ट्रेन की पहली झलक प्रदर्शित की गई है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, रेल मंत्रालय भवन के गेट नंबर 4 पर हाई–स्पीड ट्रेन की तस्वीर लगाई गई है। मुंबई–अहमदाबाद हाई–स्पीड रेल कॉरिडोर 15 अगस्त, 2027 को शुरू होने वाला है। एक बार चालू होने के बाद,



बुलेट ट्रेन से दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय काफी कम होने की उम्मीद है। फरवरी में, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा को सूचित किया कि 508 किलोमीटर लंबी मुंबई–अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (एमएएचएसआर) परियोजना महाराष्ट्र, गुजरात और दादरा एवं नगर हवेली केंद्र शासित प्रदेश से होकर गुजरेगी। इस मार्ग पर 12 स्टेशन होंगे – मुंबई, ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती। गुजरात के आठ स्टेशनों – वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, आनंद, वडोदरा, अहमदाबाद और साबरमती – पर नींव का काम पूरा हो चुका है। महाराष्ट्र के ठाणे, विरार और बोइसर में निर्माण कार्य वर्तमान में जारी है, जबकि बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्टेशन पर खुदाई का काम लगभग पूरा होने वाला है। गुजरात में सत्रह नदी पुलों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि चार प्रमुख पुलों – नर्मदा, माही, ताप्ती और साबरमती – पर काम उन्नत चरण में है। महाराष्ट्र में भी चार नदी पुलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। बीकेसी में खुदाई का काम लगभग 91: पूरा हो चुका है और समुद्र के नीचे सुरंग खंड का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जिसमें घंसोली और शिलफाटा के बीच 4.8 किमी का निर्माण कार्य पहले ही पूरा हो चुका है। भारतीय रेलवे के अनुसार, इस परियोजना से श्मेक इन इंडियाश पहल के तहत स्वदेशी उच्च गति रेल क्षमताओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) और बीईएमएल लिमिटेड संयुक्त रूप से 280 किमी प्रति घंटे की डिजाइन गति वाले ट्रेन सेट विकसित कर रहे हैं।

## शिवराज सिंह चौहान की अपील- कृषि अधिकारी एक साल तक ना खरीदें सोना, पीएम मोदी के आह्वान पर लिया संकल्प

एजेंसी।
दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि कृषि अधिकारियों ने पीएम मोदी की आत्मनिर्भर जीवनशैली की अपील के तहत एक वर्ष तक सोना न खरीदने का संकल्प लिया है, साथ ही वे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देंगे और उर्वरकों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित करेंगे। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरल और आत्मनिर्भर जीवनशैली के आह्वान के अनुरूप, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रमुख कृषि और ग्रामीण विकास विभागों के अधिकारियों ने विशेष अवसरों को छोड़कर एक वर्ष तक सोना न खरीदने का संकल्प लिया है। विभिन्न विभागों के साथ बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए चौहान ने कहा कि अधिकारियों ने संसाधनों के संरक्षण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को मजबूत करने के व्यापक प्रयास के तहत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और उर्वरकों के संतुलित उपयोग को सुनिश्चित करने का भी संकल्प लिया है।उन्होंने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से सादगीपूर्ण जीवन शैली अपनाने, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने और आत्मनिर्भरता के लिए सामूहिक प्रयास करने की अपील की है। देशवासी उनकी इस अपील का गंभीरता से पालन कर रहे हैं... कृषि विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि शिक्षा परिषद और भूमि संसाधान विभाग की बैठक में सभी अधिकारियों ने यह निर्णय लिया है कि वे किसी विशेष अवसर के बिना एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदेंगे... उन्होंने प्राकृतिक खेती और उर्वरकों के संतुलित उपयोग का संकल्प लिया है।चौहान ने आगे जोर दिया कि अगर किसी के घर में शादी हो रही है, तभी वे खरीददारी कर सकते हैं। हम 15 जून से अपना श्खेत बचाओ अभियानश आगे बढ़ाएंगे। हम राज्य सरकार की मदद से और भी काम करेंगे। हम कदम उठाएंगेय हमारे वैज्ञानिक जाकर मिट्टी का जायजा लेंगे, उसके बाद हम खाद का इस्तेमाल करेंगे। इस तरह हम खाद की बचत करेंगे क्योंकि हम खाद आयात भी कर रहे हैं, इसलिए हम बचत करने की योजना बना रहे हैं। हम जैविक खेती को भी बढ़ावा देंगे। बिजली बचाने के संकल्प के अनुरूप, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे मंत्रालय ने बिजली बचाने का फैसला किया है, जिसके लिए हम घर से काम करने का विकल्प भी बना रहे हैं... अधिकतम वर्चुअल मीटिंग करेंगे... कार पुलिंग करने की कोशिश करेंगे। हफ्ते में एक बार खाद्य तेल बचाने की योजना भी बनाएंगे। ईंधन की कीमतों में अस्थिरता से निपटने के लिए, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत मेंआवागमन के तरीकों में बदलाव लाने का आग्रह किया।

## वियतनाम और दक्षिण कोरिया की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए राजनाथ सिंह

एजेंसी।
दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वियतनाम और दक्षिण कोरिया की चार दिवसीय यात्रा पर हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य हिंद–प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक रक्षा सहयोग और सैन्य उपकरणों के संयुक्त उत्पादन को बढ़ावा देना है। इस यात्रा के दौरान समुद्री सुरक्षा और भारत की श्एक्ट ईस्ट पॉलिसीश के तहत द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को वियतनाम और दक्षिण कोरिया की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। इस दौरे का उद्देश्य सैन्य उपकरणों के संयुक्त उत्पादन सहित रणनीतिक रक्षा सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा करना है। वियतनाम की राजधानी हनोई के लिए रवाना होने से पहले, सिंह ने कहा कि दोनों एशियाई देशों की उनकी यात्रा का मुख्य उद्देश्य रक्षा औद्योगिक



साझेदारी को मजबूत करना, समुद्री सहयोग को बढ़ावा देना और हिंद–प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देना होगा। वियतनाम की यात्रा समाप्त करने के बाद, रक्षा मंत्री मंगलवार को तीन दिवसीय यात्रा पर दक्षिण कोरिया जाएंगे।वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम की नयी दिल्ली यात्रा के दौरान दोनों देशों द्वारा अपने संबंधों को उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने के कुछ दिनों बाद रक्षा मंत्री सिंह का यह वियतनाम दौरा हो रहा है। हनोई में, सिंह वियतनाम के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। ऐसा समझा जाता है कि दोनों पक्ष दक्षिण चीन सागर की मौजूदा स्थिति पर भी चर्चा करेंगे। इस क्षेत्र में हाल के वर्षों में चीन की सैन्य गतिविधियों में इजाफा हुआ है। हाइड्रोकार्बन के विशाल स्रोत, दक्षिण चीन सागर पर चीन के व्यापक संप्रभुता के दावों को लेकर चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। क्षेत्र के कई देशों, जैसे वियतनाम, फिलीपीन और ब्रुनेई द्वारा भी दक्षिण चीन सागर पर अलग–अलग दावे किए जाते रहे हैं।भारत और कई अन्य लोकतांत्रिक देश इन विवादों के शांतिपूर्ण समाधान तथा अंतरराष्ट्रीय कानूनों, विशेष रूप से समुद्री कानूनों से संबंधित यूएनसीएलओएस (संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि) के पालन पर जोर देते रहे हैं।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, विरोध पर मारपीट व धमकीय चिनहट पुलिस ने आरोपी को दबोचा

लखनऊ,(आरएनएस )। राजधानी के चिनहट क्षेत्र में शादी का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में अन्य आरोपितों की संलिप्तता की भी जांच कर रही है।पुलिस के अनुसार थाना चिनहट में 15 मई 2026 को एक महिला ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि एक युवक ने उससे शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाए। महिला का आरोप है कि जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की, गाली–गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी।महिला की तहरीर के आधार पर थाना चिनहट में मु0अ0सं0–260ध्2026 के तहत धारा 69, 115(2), 318(4), 351(3) और 352 बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया। मुकदमे में राजू उर्फ आमिर के अलावा उसके पिता, मां, भाई और बहन को भी नामजद किया गया, हालांकि अन्य परिजनों के पते की जानकारी नहीं मिल सकी है।विवेचना के दौरान महिला संबंधी अपराध को गंभीरता से लेते हुए वादिनी का बयान बीएनएसएस की धारा 180 के अंतर्गत दर्ज किया गया। जांच के क्रम में थाना चिनहट पुलिस टीम ने नामजद आरोपी मो. आमिर पुत्र साबिर, निवासी अमराईगांव थाना इन्दिरानगर, लखनऊ को नेड़ा मोड़ क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की उम्र करीब 31 वर्ष बताई जा रही है।पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं, मामले में नामजद अन्य आरोपितों की भूमिका की जांच जारी है और उनकी संलिप्तता पाए जाने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।थाना चिनहट पुलिस का कहना है कि आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य थाना क्षेत्रों और इकाइयों से भी जुटाई जा रही है।

# प्रदेश में ऊर्जा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे को मिलेगी नई रफ्तार, मीरजापुर पारेषण परियोजना से लेकर लोहिया संस्थान विस्तार तक कई अहम फैसले

लखनऊ, (आरएनएस )। उत्तर प्रदेश में ऊर्जा आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और शहरी आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में सरकार ने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। मीरजापुर में अत्याधुनिक पारेषण उपकेंद्र और पारेषण लाइनों के निर्माण, लखनऊ में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नए परिसर में 1010 बेड वाले बहु–विशेषज्ञता आपात चिकित्सा केंद्र की स्थापना, प्रयागराज स्थित स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय के विस्तार तथा आगरा मेट्रो परियोजना के लिए भूमि हस्तांतरण जैसे महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति दिए जाने से प्रदेश में विकास की गति तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है।प्रदेश में लगातार बढ़ती विद्युत मांग और प्रस्तावित तापीय तथा पम्प्ड स्टोरेज परियोजनाओं से उत्पादित ऊर्जा की निर्बाध निकासी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 765ध्400 केवी, (4•1500 एमवीए) मीरजापुर पूलिंग उपकेंद्र (एआईएस) एवं संबंधित पारेषण लाइनों के निर्माण की योजना तैयार की गई है। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 2799.47 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है परियोजना के तहत उपकेंद्र एवं 'बे' निर्माण पर 1315.91 करोड़ रुपये तथा पारेषण लाइनों के निर्माण पर 1483.56 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। इसे एक साझा सार्वजनिक अवसंरचना (कॉमन पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर) के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे प्रदेश में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और निरंतरता में उल्लेखनीय सुधार होने की संभावना है सरकार का मानना है कि मजबूत पारेषण तंत्र से घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध होगी। साथ ही औद्योगिक इकाइयों को गुणवत्तापूर्ण बिजली मिलने से उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, लागत में कमी आएगी और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता मजबूत होगी। इससे निवेशकों का विश्वास भी बढ़ेगा और निजी निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। परियोजना के निर्माण से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर सृजित होने के साथ स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।राजधानी लखनऊ स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के गोमती नगर विस्तार सेक्टर–7 में शहीद पथ स्थित नए परिसर में 1010 बेड वाले बहु–विशेषज्ञता आपात चिकित्सा केंद्र अस्पताल, नवीन शिक्षण ब्लॉक और नए ओपीडी ब्लॉक के निर्माण को स्वीकृति दी गई है।इस परियोजना की अनुमानित लागत 85504.34 लाख रुपये यानी करीब 855 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। प्रस्ताव के अनुसार अस्पताल भवन में कुल 1010 बेड स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ एक आधुनिक ओपीडी ब्लॉक और 200 सीट क्षमता वाले नए शिक्षण ब्लॉक का निर्माण भी किया जाएगा।यह परियोजना चिकित्सा छात्रों के लिए अत्याधुनिक शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने के साथ प्रदेश के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगी। अस्पताल विस्तार के बाद गंभीर रोगियों के उपचार की क्षमता में वृद्धि होगी और प्रदेशभर से आने वाले मरीजों को राहत मिलेगी।प्रयागराज स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज से संबद्ध स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय परिसर के विस्तार और उच्चीकरण की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया गया है। वर्ष 1961 में स्थापित यह चिकित्सालय प्रयागराज मंडल का सबसे बड़ा तृतीयक स्तर का सरकारी अस्पताल है, जहां प्रयागराज सहित आसपास के जिलों और सीमावर्ती मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं।चिकित्सीय सुविधाओं और आधुनिक जांच सेवाओं के विस्तार के लिए वर्तमान परिसर में पर्याप्त भूमि उपलब्ध न होने के कारण महात्मा गांधी मार्ग से जुड़ी पूल्ड हाउसिंग की 31,314 वर्गमीटर भूमि चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है।यह भूमि 90 वर्षों के लिए एक रुपये वार्षिक किराये की दर से पट्टे पर दी जाएगी। अस्पताल विस्तार से प्रयागराज के साथ–साथ प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, कौशाम्बी, फतेहपुर, जौनपुर, मिर्जापुर, भदोही, बांदा और चित्रकूट जैसे जिलों के मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा।आगरा मेट्रो रेल परियोजना को गति देने के लिए मेट्रो कॉरिडोर–दो (आगरा कैंट से कालिंदी विहार) के अंतर्गत मेट्रो स्टेशन और वायडक्ट सेक्शन निर्माण हेतु भूमि हस्तांतरण का प्रस्ताव भी आगे बढ़ाया गया है।इसके तहत मौजा चक अव्वल, तहसील सदर, आगरा में स्थित क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर की पार्क के रूप में खाली पड़ी 550 वर्गमीटर नजूल भूमि को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को हस्तांतरित किया जाएगा। यह भूमि प्रभावी जिलाधिकारी सर्किल दर पर छूट प्रदान करते हुए कुछ शर्तों एवं प्रतिबंधों के अधीन निःशुल्क आवंटित किए जाने का प्रस्ताव है।

# भिटौली तिराहे के पास ढाबा संचालक की गोली मारकर हत्या, केजीएमयू में उपचार के दौरान मौत

लखनऊ, (आरएनएस )। राजधानी के मड़ियांव थाना क्षेत्र में शनिवार को दिनदहाड़े एक ढाबा संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। भिटौली तिराहे के पास मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने युवक के सिर में गोली मार दी। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए केजीएमयू भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।पुलिस के अनुसार 17 मई 2026 को अपराह्न करीब 4रू44 बजे थाना मड़ियांव पुलिस को दूरभाष के माध्यम से सूचना मिली कि भिटौली तिराहे के पास एक व्यक्ति को गोली मार दी गई है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जांच–पड़ताल शुरू की गई।प्रारंभिक जांच में पता चला कि यादव ढाबा एंड फैमिली रेस्टोरेंट के संचालक विजय यादव पुत्र हनुमान प्रसाद यादव, निवासी ग्राम तरहिया थाना सैरपुर, लखनऊ, उम्र लगभग 28 वर्ष को मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात हमलावरों ने निशाना बनाया। बदमाशों ने विजय यादव के सिर में गोली मार दी और मौके से फरार हो गए।घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल विजय यादव को तत्काल उपचार के लिए किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) भेजा गया, लेकिन चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।मामले में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मड़ियांव में मु0अ0सं0 229ध्2026 के तहत धारा 109(1), 115(2), 352 और 351(3) बीएनएस में तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस घटना

के पीछे की वजहों और आरोपितों की पहचान के लिए विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है।पुलिस ने मामले में तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# जनता दर्शन में मुख्यमंती योगी ने सुनीं फरियादें, बोले हर जरूरतमंद को मिलेगा न्याय, बिहार से पहुंची महिला बोलीं 'बस दर्शन करेके रहल'

लखनऊ, (आरएनएस )। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपनी व्यस्ततम दिनचर्या के बीच 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनसेवा, सुरक्षा और सुशासन सरकार का संकल्प है तथा प्रत्येक व्यक्ति की उचित समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के निर्देश भी दिए।मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। किसी ने भूमि विवाद, राजस्व संबंधी प्रकरण, पुलिस कार्रवाई, चिकित्सा सहायता, आवास, पेंशन और रोजगार से जुड़ी शिकायतें मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं, तो कई लोग अन्य व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने एक–एक फरियादी से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को लेने के बाद मुख्यमंत्री ने संबंधित जनपदों के अधिकारियों को मामलों की निष्पक्ष जांच कर पीड़ितों को न्याय दिलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक स्वयं ऐसे मामलों की निगरानी करें तथा यह सुनिश्चित करें कि पीड़ितों की समस्याओं का प्रभावी समाधान हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि बिना किसी भेदभाव के हर पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। जरूरतमंदों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए और भूमि कब्जाने वाले भू–माफिया तथा दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। उन्होंने राजस्व और कानून–व्यवस्था से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण पर विशेष बल दिया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार जनहित और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान सरकार की प्रतिबद्धता है और प्रशासनिक मशीनरी को संवेदनशीलता तथा तत्परता के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक राहत मिले।जनता दर्शन कार्यक्रम में एक भावनात्मक क्षण भी देखने को मिला, जब बिहार से आई एक महिला मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचीं।

# बीबीएयू के पूर्व शोधार्थी डा. सूरज कुमार द्विवेदी का बेंगलुरु के प्रतिष्ठित शोध संस्थान में चयन

लखनऊ,(आरएनएस )। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के पूर्व शोधार्थी डॉ. सूरज कुमार द्विवेदी का चयन बेंगलुरु स्थित प्रतिष्ठित शोध संस्थान पूर्णप्रज्ञ संशोधन मन्दिरम् में कॉलेज लाइब्रेरियन के पद पर हुआ है। यह संस्थान राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से संबद्ध है तथा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन संचालित होता है।डॉ. सूरज कुमार द्विवेदी की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे संस्थान के लिए गौरव का विषय बताया है। विश्वविद्यालय के कुलपति राज कुमार मित्तल ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।डॉ. सूरज कुमार द्विवेदी ने वर्ष 2024 में बीबीएयू के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग से प्रोफेसर एवं आईक्यूएसी निदेशक शिल्पी वर्मा के निर्देशन में पीएचडी उपाधि प्राप्त की थी। उनका शोध कार्य पांडुलिपियों के संरक्षण एवं अभिगम्यता विषय पर केंद्रित रहा, जिसे शैक्षणिक जगत में सराहना मिली।विश्वविद्यालय परिवार ने डॉ. द्विवेदी की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

# विट्ठल होटल में लगी भीषण आग, आधी बिल्डिंग स्वाहा

## 13 लोगों को सुरक्षित निकाला गया, सीएफओ का हाथ झुलसा

प्रयागराज(आरएनएस )। सिविल लाइंस के एम जी मार्ग स्थित होटल विट्ठल में सोमवार दोपहर में भीषण आग लग गई। घटना के दौरान होटल में कई लोग फंसे थे। आग की सूचना से अफरा– तफरी मच गई। आनन–फानन पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने होटल में फंसे करीब 13 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट होने के काण होटल में आग लगी। हालांकि समय रहते आग को बुझा लिया गया है। घटना को सीएम योगी ने भी संज्ञान लिया। सीएम योगी ने अफसरों को तुरंत राहत बचाव कार्य के निर्देश दिए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविल लाइंस के एम जी मार्ग पर काफी हाउस के बगल में विठ्ठल होटल है। सोमवार की दोपहर डेढ़ बजे करीब होटल के पास रखे ट्रांसफॉर्मर में अचानक से ब्लास्ट हो गया। जिसकी लपट होटल की तीसरी मंजिल तक पहुंच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी बिल्डिंग को अपने कब्जे में ले लिया। घटना के समय होटल के अंदर कई लोग फंसे थे। आग देखकर अफरा–तफरी मच गई। कई लोग अपनी–अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकले, लेकिन 13 लोग होटल की बिल्डिंग में ही फंस गए। होटल में मची चीख–पुकार को देखकर वाणी प्रकाशन के योगेंद्र यादव ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने तुरंत राहत बचाव कार्य शुरू किया। अब तक 13 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। आग पर भी काबू पा लिया गया है। आग बुझाने के दौरान चीफ फायर आफिसर सतीश चंद्र का हाथ झुलस गया। इसके बाद मौके पर ही उनका प्राथमिक इलाज किया गया। होटल में लगभग 25 कमरे हैं। घटना में दो बाइकें और आधे से ज्यादा होटल जलकर राख हो गया। बिट्ठल होटल के मालिक आलोक परमार शहर के मम्फोर्डगंज में रहते हैं। गाजियाबाद के अरुण शर्मा होटल के 306 नंबर कमरे में रुके थे। उन्होंने बताया कि पहले ब्लास्ट की आवाज आई। आवाज सुनकर हम नीचे गए तो देखा कि ट्रांसफार्मर में आग लगी हुई थी। फिर आग ने होटल को चपेट में ले लिया। इसके बाद शोर मचाकर सभी को अलर्ट किया। हम लोगों ने भागकर जान बचाई। स्थानीय लोगों ने बताया कि होटल के पास दो ट्रांसफॉर्मर रखे थे। अधिक गर्मी के कारण दूसरे वाले ट्रांसफॉर्मर में अचानक से ब्लास्ट हो गया। ट्रांसफॉर्मर की आग ने होटल की तीसरी मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते होटल से ऊंची–ऊंची आग की लपटें उठने लगी, जिसे देखकर आसपास के लोगों में भी दहशत फैल गई। उनका कहना है कि आग प्रेम पुष्प प्लाजा की तीसरी मंजिल पर भी लगी थी। हालांकि समय रहते उसे बुझा लिया गया था, लेकिन होटल की आग विकराल रूप ले चुकी थी। आग ने होटल के नीचे खड़ी दो बाइकों को भी अपनी आगोश में ले लिया।

# प्रापर्टी डीलर की हत्या करने वालों ने झूंसी थाने में किया सरेंडर

## आफिस घुसकर मारी थी गोली, हत्या के बाद अतरसुइया थाना के सामने बनाई थी वीडियो

प्रयागराज(आरएनएस )। प्रयागराज में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या करने वाले चारों आरोपियों ने सोमवार को झुंसी थाने में सरेंडर कर दिया। हालांकि पुलिस गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। थाने में पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पता चला कि प्रॉपर्टी डीलर और आरोपियों के बीच 17 लाख रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद था।आरोपियों के आफिस पहुंचने और फरार होने का भी वीडियो सामने आया है। प्रॉपर्टी डीलर के भाई की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। 17 मई को प्रापर्टी डीलर अजहरुद्दीन उर्फ अजहर को उसके पार्टनर ने अपने ऑफिस बुलाया। फिर आफिस में बंद कर प्रॉपर्टी डीलर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया।प्रॉपर्टी डीलर ने भागने की कोशिश की तो उसकी कनपटी में सटाकर पिस्टल से गोली मार दी। इसके बाद आरोपी पार्टनर वैगनआर कार से अपने तीन साथियों के साथ फरार हो गया। हत्या करने के बाद आरोपी घर पहुंचे। कार चेंज की। फिर अतरसुइया थाने पहुंचे। थाने के सामने खड़े होकर आरोपी बृजेश ने एक वीडियो बनाई। उसने कहा कि मैं बृजेश कुमार अतरसुइया थाने में सरेंडर कर रहा हूं। वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के बाद चारों आरोपी कार से फरार हो गए थे। ज्ञात हो कि नैनी थाना क्षेत्र के महेवा निवासी 35 साल के अजहरुद्दीन प्रॉपर्टी डीलर थे। रविवार दोपहर करीब 3 बजे अजहरुद्दीन को उनके पार्टनर अरविंद और बृजेश निषाद ने फोन कर अपने ऑफिस बुलाया। प्रापॅर्टी डीलर बाइक से आफिस पहुंचे। आफिस के बाहर एक वैगनआर कार खड़ी थी। ऑफिस के अंदर पार्टनर समेत 4 लोग मौजूद थे। यहां पैसों के लेनदेन को लेकर अजहरुद्दीन का विवाद शुरू हो गया। आरोपियों ने अजहरुद्दीन पर हमला कर दिया। एक आरोपी ने लोहे की रॉड से पीटा। इसी बीच किसी ने अजहरुद्दीन की कनपटी में गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी कार से फरार हो गए। हत्या करने के बाद अरविंद भारती वैगनआर कार से अपने घर पहुंचा। उसके साथ बृजेश निषाद और अन्य आरोपी भी थे।

# जंबूरी में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को मिला मेडल और प्रमाण पत्र

प्रयागराज ।(आरएनएस ) भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद प्रयागराज के तत्वाधान में शिविर कार्यालय कुलभास्कर आश्रम इंटर कॉलेज प्रयागराज में जंबूरी प्रमाण पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पी एन सिंह जिला मुख्य आयुक्तध्जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ पी पी सिंह जिला सचिव ने किया।

ग्रैंड फिनाले डायमंड जुबली जंबूरी एवं 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी 2025 उत्तर प्रदेश लखनऊ में 23ध11ध2025 से 29– 11– 2025 की अवधि में आयोजित की गई थी। उसमें जनपद प्रयागराज से 349 स्काउट, गाइड,रोवर, रेंजर तथा यूनिट लीडर की प्रतिभागिता रही। जंबूरी में प्रतिभागी स्काउट गाइड रोवर रेंजर तथा यूनिट लीडर को प्रमाण पत्र और मेडल देकर पीवएनवसिंह जिला मुख्य आयुक्त धजिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउट एवं गाइड बच्चों में अनुशासन, सेवा भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करता है,उन्होंने सभी सम्मानित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। डॉ पीवपीव सिंह ने स्काउट और गाइड को अच्छे अनुशासित नागरिक बनकर देश और समाज के हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर शिव प्रकाश पाठक प्रधानाचार्य श्री राम प्रताप इंटर कॉलेज सिरसा प्रयागराज, चंद्रशेखर सिंह प्रधानाचार्य सीताराम सिंह इंटर कॉलेज बाबूगंज प्रयागराज, राजीव दरबारी प्रधानाचार्य रणजीत पंडित इंटर कॉलेज नैनी प्रयागराज, ईशानी भट्टाचार्य प्रधानाचार्य इंडियन गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रयागराज, स्नेह लता प्रधानाचार्य क्रॉस्थवेट गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रयागराज, सहायक जिला सचिव पीयूष कुमार सिंह एएलटी स्काउट, जिला संगठन आयुक्त स्काउट एवं गाइड वेद प्रकाश भगत तथा मीरा सिंह, गायत्री यादव, अल्फा गुंजन दास, अभिषेक कनौजिया, अभिषेक कुमार,अनिल कुमार शुक्ला, मनोज कुमार मौर्य तथा इरशाद ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया अंत में जिला सचिव ने कार्यक्रम में दूर–दूर से आए हुए स्काउट गाइड प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# राजधानी एक्सप्रेस में आग की घटना के बाद एनसीआर में सतर्कता

## उत्तर मध्य रेलवे में सभी कोचों की होगी जांच

प्रयागराज(आरएनएस )। त्रिवेंद्रम–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में कोटा मंडल के नागदा के पास रविवार तड़के हुई अग्नि दुर्घटना के बाद उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। रेलवे ने भविष्य में ऐसी किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरे रेल नेटवर्क में कोचों की अग्नि सुरक्षा प्रणालियों और परिचालन प्रोटोकॉल की व्यापक समीक्षा शुरू कर दी है।रविवार सुबह लगभग 05रू15 बजे जब ट्रेन संख्या 12431 त्रिवेंद्रम–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस नागदा के पास से गुजर रही थी, तभी उसके पीछे के दो कोच में अचानक आग लग गई। सुबह के वक्त हुए इस हादसे से यात्रियों में हड़कंप मच गया, लेकिन रेलवे की मुस्तैदी और त्वरित एक्शन की वजह से समय रहते स्थिति पर काबू पा लिया गया और एक बड़ा हादसा बच गया।इस घटना से सबक लेते हुए उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने प्रयागराज, आगरा और झांसी मंडल में अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली सभी ट्रेनों के कोचों की नए सिरे से गहन जांच करने का निर्णय लिया है। इसके तहत ट्रेनों में लगे फायर एक्स्टिंग्विशर, इलेक्ट्रिकल वायरिंग और इमरजेंसी एग्जिट की बारीकी से चेकिंग की जाएगी ताकि तकनीकी खामियों को दूर किया जा सके। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर पूरे देश के रेल नेटवर्क का एहतियाती ऑडिट भी होगा, ताकि यात्रियों का सफर पूरी तरह सुरक्षित और बाधा रहित बनाया जा सके।

# लगातार बिजली कटौती से ग्रामीणों में भारी आक्रोश

## हबूसा मोड़ पावर हाउस पर ग्रामीणों का प्रदर्शन, नियमित आपूर्ति की मांग

प्रयागराज(आरएनएस )। बहादुरपुर क्षेत्र स्थित हबूसा मोड़ पावर हाउस पर सोमवार को ग्रामीणों ने लगातार बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन किया। क्षेत्र की जनता दिन–रात बाधित हो रही बिजली आपूर्ति से परेशान है। ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली कटौती से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसके कारण पेयजल संकट गहरा गया है, बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है और किसानों के कार्यों पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ककरा, दुबवाल, तिवारीपुर, मूररपट्टी, जमुनीपुर, कोटवा, पहाड़ीपुर सहित आसपास के कई गांवों के लोग इस समस्या से आक्रोशित होकर पावर हाउस पहुंचे। उन्होंने विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और व्यवस्था में तत्काल सुधार तथा नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं किया गया, तो वे अपने आंदोलन को और व्यापक रूप देंगे। इस बाबत अवर अभियंता हबूसा मोड़ हनुमानगंज दयाराम यादव ने बताया कि रात्रि में विद्युत कटौती नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि रात में फिर से कटौती होती है, तो तत्काल संज्ञान लिया जाएगा। इस धरना प्रदर्शन में बीजेपी गंगापार युवा मोर्चा के महामंत्री धनंजय मिश्रा, पूर्व बीजेपी मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र त्रिपाठी, अरविंद तिवारी, तारा सिंह, संजय तिवारी, सुधाशंकर मिश्रा, कपिल दुबे, रंजन, विक्की दुबे, अमित बरईपुर, आशीष तिवारी, रघु पाण्डेय, पॉवेल तिवारी, हिमांशु श्रीवास्तव, प्रभात पांडेय, सचिन दुबे, कुलदीप सिंह, गिरजेश सिंह, अनुराग वर्धन सिंह और मुनेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पांच देशों की विदेश यात्रा के कूटनीतिक निहितार्थ भारत के लिए महत्वपूर्ण

यूरोप के साथ नई तकनीकी साझेदारी विकसित होगी, क्योंकि नीदरलैंड, स्वीडन और नॉर्वे का चयन बहुत रणनीतिक माना जा रहा है। चूंकि इन देशों से भारत सेमीकंडक्टर तकनीक, हरित ऊर्जा, जल प्रबंधन, एआई (।प्) और रक्षा तकनीक और आर्कटिक एवं समुद्री सहयोग को मजबूत करना चाहता है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच देशों के हालिया विदेश दौरे के कई बड़े कूटनीतिक, आर्थिक, सामरिक और राजनीतिक मायने हैं। क्योंकि मई 2026 में उनका यूएई, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली का दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब दुनिया ऊर्जा संकट, ईरान युद्ध, सप्लाई चेन अस्थिरता और नए वैश्विक ध्रुवीकरण से गुजर रही है। लिहाजा, पीएम मोदी का यह विदेश दौरा केवल औपचारिक यात्रा नहीं, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, वैश्विक शक्ति संतुलन, निवेश आकर्षण, तकनीकी साझेदारी, और भारत की उभरती महाशक्ति छवि को मजबूत करने की बहुस्तरीय रणनीतिक कवायद माना जा रहा है। पहला, ऊर्जा सुरक्षा सबसे बड़ा लक्ष्य है, क्योंकि भारत दुनिया का बड़ा तेल आयातक देश है। ईरान संकट और पश्चिम एशिया में तनाव के कारण तेल कीमतें बढ़ रही हैं। ऐसे समय में यूएई दौरा भारत की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने का प्रयास माना जा रहा है। लिहाजा भारत और यूएई के बीच रणनीतिक पेट्रोलियम भंडारण, एलपीजी (स्च्ळ) सप्लाई, ऊर्जा निवेश, समुद्री सुरक्षा जैसे अहम समझौते हुए हैं। इससे संकेत मिलता है कि भारत भविष्य के किसी बड़े वैश्विक ऊर्जा संकट के लिए खुद को सुरक्षित करना चाहता है।दूसरा, पश्चिम एशिया में भारत की रणनीतिक पकड़ बढ़ रही है, क्योंकि यूएई ने पीएम मोदी का असाधारण स्वागत किया– एफ–16 एस्कॉर्ट और राष्ट्रपति स्तर की अगवानी– यह दिखाता है कि भारत अब केवल "तेल खरीदने वाला देश" नहीं बल्कि एक रणनीतिक साझेदार बन चुका है। इसके मायने ये निकलते हैं कि पाकिस्तान की पारंपरिक खाड़ी पकड़ कमजोर होगी और भारत की अरब देशों में स्वीकार्यता बढ़ती जाएगी। इससे रक्षा और टेक्नोलॉजी सहयोग का विस्तार भी होगा।तीसरा, यूरोप के साथ नई तकनीकी साझेदारी विकसित होगी, क्योंकि नीदरलैंड, स्वीडन और नॉर्वे का चयन बहुत रणनीतिक माना जा रहा है। चूंकि इन देशों से भारत सेमीकंडक्टर तकनीक, हरित ऊर्जा, जल प्रबंधन, एआई (।प्) और रक्षा तकनीक और आर्कटिक एवं समुद्री सहयोगको मजबूत करना चाहता है। विशेषकर सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत चीन पर निर्भरता कम करना चाहता है। इसलिए इस पहल के अपने रणनीतिक मायने हैं।चौथा, चीन और अमेरिका दोनों को संतुलित संदेश देने के लिए पीएम मोदी का यह दौरा "मल्टी–अलाइनमेंट" नीति का हिस्सा भी है, इससे अमेरिका के साथ साझेदारी, रूस से संबंध, अरब देशों से सामरिक निकटता, यूरोप के साथ तकनीकी सहयोग, चीन के प्रभाव का संतुलन बढ़ेगा। चूंकि भारत यह संदेश देना चाहता है कि वह किसी एक गुट का हिस्सा नहीं बल्कि स्वतंत्र वैश्विक शक्ति है।पांचवां, भारत को निवेश हब बनाने की कोशिश यूएई द्वारा भारत में 5 अरब डॉलर निवेश की घोषणा महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे इंफ्रास्ट्रक्चर, बैंकिंग, लॉजिस्टिक्स, बंदरगाह, ऊर्जा क्षेत्र में निवेश बढ़ सकता है। यह "मेक इन इंडिया" और "भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब" बनाने की रणनीति से जुड़ा है।छठा, घरेलू राजनीति के संकेत के नजरिए से दिलचस्प बात यह है कि एक तरफ पीएम मोदी जनता से ईंधन बचाने, विदेशी यात्राएं कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने की अपील कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ खुद बड़े वैश्विक दौरे कर रहे हैं। इसका राजनीतिक संदेश यह जाएगा कि कठिन वैश्विक समय में सक्रिय नेतृत्व पीएम दे रहे हैं और भारत संकट में भी वैश्विक केंद्र बना हुआ है। इससे पीएम मोदी की व्यक्तिगत कूटनीतिक छवि मजबूत होकर चमकेगी।सातवां, भारत की वैश्विक छवि निर्माण के दृष्टिकोण से यह दौरा यह दिखाने का प्रयास भी है कि भारत केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि ऊर्जा, तकनीक, व्यापार और सुरक्षा में निर्णायक वैश्विक खिलाड़ी बन रहा है। विशेषकर ळ20 के बाद भारत अपनी "विश्व नेतृत्व" छवि को स्थायी बनाना चाहता है। इसके संभावित दीर्घकालिक प्रभाव भारत के लिए अहम साबित हो सकते हैं, क्योंकि इससे जहां ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी, वहीं विदेशी निवेश बढ़ने की संभावना रहेगी। साथ ही रक्षा–तकनीकी सहयोग विस्तार से वैश्विक प्रभाव में वृद्धि होगी। भारत की यह नई चाल चीन के लिए यूरोप और खाड़ी में भारत की सक्रियता चीन के प्रभाव को चुनौती दे सकती है। जबकि पाकिस्तान के लिए खाड़ी देशों में भारत की बढ़ती स्वीकार्यता रणनीतिक दबाव बढ़ा सकती है। वहीं, यूरोप के लिए चीन के विकल्प के रूप में भारत की अहमियत बढ़ेगी।




# सम्पादकीय

## मुनाफा कमाने की प्रवृत्ति

दवा एवं मेडिकल उपकरणों की ऐसी कीमत तय की जा सकती है, जो कारखाना लागत से चार से पांच गुना अधिक हो। जबकि फिलहाल अस्पताल और रिटेलर इनको लागत से 10 से 25 गुना तक अधिक कीमत पर बेच रहे हैं।

ये खबर आक्रोश जरूर पैदा करती है, मगर चौंकाने वाली बिल्कुल नहीं है, कि अस्पताल एवं खुदरा विक्रेता कुछ मेडिकल उपकरणों एवं दवाओं की फैक्टरी मूल्य या आयात लागत की तुलना में 25 गुना अधिक कीमत मरीजों से वसूल रहे हैं। प्राइवेट अस्पताल मरीजों को निचोड़ने का स्थल बन गए हैं, यह आम तजुर्बा बनता गया है। मगर बात इस हद तक पहुंच जाए कि दवा निर्माता कंपनियां ही इसकी शिकायत करने लगें, तो समझा जा सकता है कि हेल्थ केयर सेक्टर में मुनाफा कमाने की प्रवृत्ति कितनी बेलगाम हो गई है।

एक खबार की रिपोर्ट के मुताबिक दवा निर्माता कंपनियों ने गुजरे तकरीबन दो साल में कई बार केंद्र को पत्र भेजा। उनकी सरकारी अधिकारियों के साथ बैठक भी हुई। इनमें दवा कंपनियों ने न्यूनतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) के ऊपर कमाये जा रहे मुनाफे की सीमा तय करने की मांग की। स्पष्टतरू केंद्र ने इन गुजारिशों को गंभीरता से नहीं लिया। इस आधार पर कहा जा सकता है कि अस्पतालों और रिटेलर्स के अनुचित मुनाफे पर लगाम लगाना उसकी प्राथमिकता नहीं है। लगभग 300 दवा निर्माता कंपनियों के संगठन एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइसेज (एआईएमईडी) के पदाधिकारियों ने कहा है कि जो हो रहा है, मरीज उसको लेकर अंधेरे में हैं।

एआईएमईडी ने सरकार को दी गई अर्जी में श्उचित, अधिक पारदर्शी, एवं मरीज केंद्रित मेडिकल उपकरण मार्केट्य बनाने का अनुरोध किया था। इसमें कहा गया कि असल एमआरपी से अधिक कीमत वसूलने की प्रवृत्ति रोकी जानी चाहिए। मिसाल के तौर पर ड्रेसिंग, बैंडेज और प्लास्टर की ऐसी कीमत तय की जा सकती है, जो कारखाना लागत की तुलना में चार से पांच गुना अधिक हो। जबकि फिलहाल अस्पताल और रिटेलर इनको कारखाना लागत से 10 से 20 गुना अधिक कीमत पर बेच रहे हैं। एआईएमईडी ने नेशनल फर्मास्यूटिकल प्राइसिंग ऑथरिटी को भी पत्र लिखा, जिसे आवश्यक दवाओं की कीमत तय करने का अधिकार मिला हुआ है। मगर कहीं कोई चिंता ना देखने के बाद कंपनियों ने ये तथ्य मीडिया के जरिए सार्वजनिक किए हैं। उनका ये कदम काबिल–ए–तारीफ है। मगर सरकार के रुख को असंवेदनशील और लापरवाह ही कहा जाएगा।

## मियावकी वन तकनीक से हरित

वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए मियावाकी तकनीक एक बेहद प्रभावी और लोकप्रिय विधि बन गई है। जापानी वनस्पतिशास्त्री डॉ. अकीरा मियावाकी द्वारा विकसित यह तकनीक केवल 2–3 वर्षों में बंजर भूमि को घने, आत्मनिर्भर सूक्ष्म वनों में बदल देती है। पारंपरिक वृक्षारोपण की तुलना में यह विधि 10 गुना तेजी से बढ़ती है और 30 गुना अधिक घने जंगल बनाती है, जो शहरी क्षेत्रों के लिए आदर्श है।

छत्तीसगढ़ में पर्यावरण संरक्षण और वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए मियावकी वन तकनीक तेजी से अपनाई जा रही है। राज्य में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड द्वारा इस तकनीक के जरिए शहरी क्षेत्रों, औद्योगिक क्षेत्रों और खनन प्रभावित इलाकों में बड़े पैमाने पर हरियाली विकसित की जा रही है। मियावकी पद्धति में स्थानीय प्रजातियों के पौधों को अधिक घनत्व में लगाया जाता है, जिससे मात्र 3 से 5 वर्षों में घना जंगल तैयार हो जाता है।

राज्य में तेजी से बढ़ रहा सघन वनीकरणछत्तीसगढ़ में वर्ष 2022 से मियावकी पद्धति के तहत लगातार वृक्षारोपण किया जा रहा है। वर्ष 2022 में कोटा मण्डल में एनटीपीसी लिमिटेड के सहयोग से 1 हेक्टेयर क्षेत्र में 23 हजार पौधे तथा 0.3 हेक्टेयर में 7 हजार पौधे लगाए गए। वर्ष 2023 में कोटा के भिल्मी क्षेत्र में 6.4 हेक्टेयर भूमि पर 64 हजार पौधों का रोपण किया गया। वहीं गेवरा क्षेत्र में 2 हेक्टेयर भूमि पर 20 हजार पौधे लगाए गए। वर्ष 2024 में कोटा के उच्चभट्टी क्षेत्र में 3.2 हेक्टेयर में 32 हजार पौधे लगाए गए। इसके अलावा रायगढ़ मण्डल के तिलईपाली और छाल क्षेत्रों में कुल 3.75 हेक्टेयर भूमि पर 37 हजार 500 पौधों का सफल रोपण किया गया।वर्तमान में राज्य के कई क्षेत्रों में वृक्षारोपण कार्य तेजी से जारी है। बारनवापारा मण्डल में श्हरियर छत्तीसगढ़्य योजना के तहत 6 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। कोरबा और रायगढ़ क्षेत्रों में साउथ इस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के सहयोग से 4 हेक्टेयर क्षेत्र में 40 हजार पौधों का रोपण किया जा रहा है। वहीं विशेष परियोजनाओं के अंतर्गत महानदीकोलफील्ड लिमिटेड द्वारा 1.9 हेक्टेयर भूमि पर 64 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही अरपा नदी के किनारे भी बड़े पैमाने पर पौधारोपण कर हरित क्षेत्र का विस्तार किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार मियावकी वन सामान्य जंगलों की तुलना में अधिक कार्बन अवशोषित करते हैं। इससे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है। यह तकनीक

# बंगाल में "शुभ राज" के साथ सनातन का सूर्योदय



स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से आज तक बंगाल में कांग्रेस, वामपंथ और तृणमूल की सरकारें रहीं जो तुष्टिकरण में आकंठ डूबी रहीं और हिंदुओ को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया। स्थितियां इतनी विकट हो गयी थीं कि बंगाल की धरती पर जय श्रीराम बोलने पर नफरत का कहर टूट पड़ता था।पश्चिम बंगाल में 69 वर्षों के अथक संघर्ष के बाद भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत वाली सरकार प्रथम सरकार शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में कार्यभार ग्रहण करके काम पर लग गयी है। बंगाल में बीजेपी की विजय बहुत बड़ी व ऐतिहासिक है। बंगाल ही नहीं भारत के अन्य भागों में भी इस विजय का आनंद दिखाई वातावरण दे रहा है। इस विजय के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर्नाटक, तेलंगना और गुजरात के दौरे में जो भीड़ उमड़ रही है उससे स्पष्ट रूप से जनसामान्य और भाजपा कायकर्ताओं के उत्साह का अनुमान लगाया जा सकता है। बंगाल विधानसभा चुनावों मे हिंदू समाज ने पहली बार बांग्लादेशी घुसपैठ और मुस्लिम तुष्टिकरण की विकृत राजनीति के विरुद्ध एकजुट होकर मतदान किया और जिसका परिणाम आज पूरा भारत देख रहा है। बंगाल की जिस धरती पर 75 वर्ष पूर्व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की वैचारिक नींव रखी थी उसी बंगाल में पहली बार भाजपा 27 सीटों के साथ सत्ता के शिखर पर पंहुची और भगवा वस्त्रों में शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। बंगाल की कैबिनेट में अभी पांच मंत्रियों को ही शपथ दिलाई गई है, जिसमें बंगाल में भाजपा का संगठन खड़ा करने में अहम भूमिका निभाने वाले दिलीप घोष, फैशन डिजाइनर से बंगाल भाजपा की सबसे मुखर नेत्री बनी अग्निमित्रा पॉल जिन्होंने तृणमूल के खिलाफ आक्रामक मोर्चा संभाला, बांग्लादेश के हिंदू शरणार्थी मतुआ समुदाय के प्रमुख चेहरे अशोक कीर्तनिया जो उत्तर 24 परगना जिले के भारत–बांग्लादेश सीमा से सटे इलाको में भाजपा के जमीनी संगठनकर्ता के रूप मे अत्यंत सक्रिय रहे हैं, छात्र राजनीति से उभरे नेता निशीथ प्रामाणिक जो 2019 में भाजपा से जुड़े और जंगल महल के आदिवासी समुदाय के बड़े नेता खुदीराम टुडू शामिल हैं। अभी इस मंत्रिमंडल है का विस्तार होना बाकी है। बंगाल में शपथ ग्रहण समारोह के मंच पर एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना के अनुरूप लघु भारत के भव्य दर्शन हो रहे थे तथा भविष्य की राजनीति के संकेत भी मिल रहे थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से आज तक बंगाल में कांग्रेस, वामपंथ और तृणमूल की सरकारें रहीं जो तुष्टिकरण में आकंठ डूबी रहीं और हिंदुओ को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया। स्थितियां इतनी विकट हो गयी थीं कि बंगाल की धरती पर जय श्रीराम बोलने पर नफरत का कहर टूट पड़ता था। आज उसी बंगाल में जब जयश्रीराम के नारे गूंज रहे हैं तो बंगाल का हर सनातनी खुशी से सराबोर हो रहा है। बंगाल में भाजपा सरकार आने से पश्चिम बंगाल के हिन्दुओं को तुष्टिकरण की दमनकारी नीतियों और भय के माहौल से आजादी मिली है। यह विजय केवल सत्ता का परिवर्तन नही अपितु बंगाल के पुनरुत्थान का शंखनाद है। अब बंगाल सही मायने में सोनार बांग्ला बनने की ओर अग्रसर होगा। भाजपा नेताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल सांस्कृतिक, आध्यात्मिक व आर्थिक उत्थान के नए दौर मे प्रवेश करेगा। हार की कुंठा से ग्रसित तृणमूल व विरोधी दलों के नेता अभी भी एसआईआर, चुनाव आयोग और केंद्रीय सुरक्षाबलों वाले आरोप दोहरा रहे हैं जबकि वास्तविकता यह है कि भाजपा ने यह चुनाव लम्बे संघर्ष और अपने कार्यकर्ताओं के बलिदान के बाद जीता है। तृणमूल के राज में वर्ष 2011 से 2025 के बीच भाजपा के 321 कार्यकर्ता मारे गए, उनके विरुद्ध हुई हिंसा में हजारों घर उजाड़ दी गए, भाजपा व संघ के किसी कार्यकर्ता को बम से उड़ाया गया किसी को पेड़ से लटकाया गया। 2021 में तो भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति तृणमूल के लोगों ने क्रूरता की सभी सीमाएं लांघ दी थीं। नंदीग्राम से लेकर वीरभूम तक, कूच बिहार हो या वशीर हाट चुनाव के बाद बदले के नाम पर पूरे–पूरे गांव खाली करवा दिए गए थे। 2021 की चुनावी हिंसा में हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दिए किंतु ममता सरकार उन सभी में अड़ंगा डालती रही। आज संदेशखाली से आर जी कर कांड तक सभी पीड़ित परिवारों के मन में एक नया सबेरा आया है कि अब न्याय होकर रहेगा। बंगाल के हिंदू जनमानस को नयी सरकार पर भरोसा है इसलिए नई सरकार को भी अत्यंत तत्परता और सतर्कता के साथ संकल्प पत्र को पूरा करना होगा। नई सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट की पहली बैठक में जो निर्णय लिए हैं उनसे उसकी गंभीरता तथा बंगाल की जनता के प्रति प्रतिबद्धता का पता चलता है।

# विधानसभा चुनाव परिणाम स्पष्ट जनादेश, नई सरकारों की होगी कड़ी अग्निपरीक्षा

तमिलनाडु में एक्टर थलपति विजय की इतनी प्रचंड लहर चली कि मुख्यमंत्री स्टालिन अपनी सीट तक हार गए। इस लहर का आभास किसी भी राजनैतिक विश्लेषक को नही था। एक्टर थलपति विजय की विजय में मुख्य भूमिका उनके चुनावी वायदों ने की है जो अधिकांशतः मुफ्त की रेवड़ी वाले हैं।पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम आ चुके हैं। नई सरकारों के गठन की प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है। बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुद्दुचेरी के ये विधानसभा चुनाव परिणाम कई स्पष्ट संकेत देने वाले हैं। बंगाल, असम, और पुद्दुचेरी ने जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले भाजपा व राजग गठबंधन को दो तिहाई बहुमत के साथ चुना वहीं तमिलनाडु और केरल में भी सत्ता बदल गई। बंगाल, असम और पुद्दुचेरी में विकास, कल्याणकारी योजनाओं व हिंदुत्व का कमाल रहा। असम में कल्याणकारी योजनाओं के सहारे भाजपा जहां महिलाओं और युवाओं को साधने में सफल रही वहीं मुख्यंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ मुहिम छेड़कर नस्ल, क्षेत्र और भाषा में बनते हिंदुओं को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाई। असम और बंगाल की जनता को भाजपा यह भरोसा दिलाने में सफल रही कि केवल भाजपा ही बांग्लादेशी घुसपैठ की समस्या से मुक्ति दिला सकती है। बंगाल और असम के बाद सबसे अधिक चर्चा तमिलनाडु को लेकर हो रही है। तमिलनाडु के चुनाव परिणामों ने सभी को हैरान कर दिया है। एक बार द्रमुक और एक बार अन्नाद्रमुक का मिथक टूट गया है। फिल्म स्टार विजय की झोली वोटों से भरी है। केरलम में पराजय के बाद देश भर से वामपंथी सरकारों का अंत हो चुका है तथापि वह अपना राजनैतिक और वैचारिक अस्तित्व बचाए रखने के लिए दो विधायकों के बल पर तमिलनाडु में एक्टर थलपति विजय की नई सरकार मे घुस रही है। सभी राज्य विधानसभाओं में भाजपा का खाता खुल चुका है। पहली बार केरलम में भाजपा के तीन व तमिलनाडु में एक विधायक जीतने में सफल रहे हैं। तमिलनाडु में थलपति विजय की सरकार– तमिलनाडु की जनता द्रविड़ राजनीति से हताश और निराश हो चुकी थी। कभी द्रमुक और कभी अन्ना द्रमुक राज्य इनके बीच में झूलता रहता था। तमिल राजनीति में फिल्मी कलाकारों की अहम भूमिका रही है एम. जी. रामचंद्रन से लेकर करुणानिधि और जयललिता जैसे सितारों ने वहां की राजनीति में अहम भूमिका निभाई और लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे।तमिलनाडु में एक्टर थलपति विजय की इतनी प्रचंड लहर चली कि मुख्यमंत्री स्टालिन अपनी सीट तक हार गए। इस लहर का आभास किसी भी राजनैतिक विश्लेषक को नही था। एक्टर थलपति विजय की विजय में मुख्य भूमिका उनके चुनावी वायदों ने की है जो अधिकांशतः मुफ्त की रेवड़ी वाले हैं। विवाह के लिए महिलाओं को 22 कैरेट का आठ ग्राम सोना देने से लेकर 60 सल से कम आयु की महिलाओं को 2500 रुपए मासिक सहायता प्रति परिवार छह फ्री सिलेंडर देने का वादा काम कर गया। गरीब दुल्हनों के लिए रेशमी साड़ी और महिलाओं द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों के लिए पांच लाख रुपए तक के बयाज मुक्त ऋण का आश्वासन भी विजय ने दिया है। थलपति विजय ने वैसे ही कई लोक लुभावन वायदे किये है जैसे कभी आप नेता अरविंद केजरीवाल किया करते थे। यह थलपति विजय तमिलनाडु के केजरीवाल सिद्ध हो सकते हैं।

ईसाई पिता ओर हिंदू मां की संतान विजय ने अपनी पार्टी की विचारधारा तैयार करने में द्रविड़ विचारधारा और तमिल राष्ट्रवाद के तत्वों को जोड़ा है। इनकी पार्टी तमिलगा वेटी कझागम की स्थापना फरवरी 2024 में हुई, जो तमिलनाडु और पुद्दुचेरी तक फैली हुई है। लोग सोच रहे हैं कि विजय की आखिर इतनी बड़ी विजय कैसे हो गईदृ विजय लम्बे समय से कई घरों के चूल्हों के ईंधन, बेटियों की पढ़ाई ओर बहनों की शादी का खर्च लगातार उठा रहे थे। उनके वोटबैक में सबसे बड़ी हिस्सेदारी महिलाओं और युवाओं की रही है। वह अपनी फिल्मों में गरीबों के मसीहा के तौर पर पेश किए जाते थे जिसका परिणाम अब सबके सामने है। विजय की चुनावी जनसभाओं में अभूवपूर्व भीड़ उमड़ रही थी किंतु कोई राजनैतिक विश्लेषक यह मानकर नहीं चल रहा था कि वह सरकार बनाने तक पहुंच जाएंगे।

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आज का दिन आपके लिए बेहद खास पल लेकर आया है। भाई और माता से सहयोग मिलेगा, आपका पराक्रम बढ़ेगा। सहकर्मियों के सहयोग से कार्य को निर्धारित समय में संपन्न करेंगे।

वृष राशि–
आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। घर की सफाई अथवा नवीनीकरण के कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आप अपनी कार्यक्षमता को दूसरों के आगे साबित कर पाने में सफल होंगे।

मिथुन राशि–
आज आपका दिन एक नई उमंग लेकर आएगा। आपके लिए आय के नए द्वार खुलने की संभावना है। छात्रों को शिक्षा में आश्चर्यजनक परिणाम मिल सकते हैं।

कर्क राशि–
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। सार्वजनिक एवं प्रोफेशनल कार्यों में अनुकूल संयोग बनेंगे। किसी समस्या को दूर करने के लिए परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर विचार विमर्श करेंगे।

सिंह राशि–
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका मन कुछ उलझन में रहेगा, लेकिन जीवनसाथी के साथ बातों को शेयर करने से सब ठीक हो जायेगा।

कन्या राशि–
आज का दिन आपके लिए मिला जुला अनुभव देने वाला रहेगा। सकारात्मक सोच व संतुलित दृष्टिकोण से आप असंभव कार्यों को भी संभव कर पाएंगे।

तुला राशि–
आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

वृश्चिक राशि–
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। संतान पक्ष से मन को संतोष मिलेगा। जो लोग नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं या नौकरी में नए अवसर खोज रहे हैं, उनके लिए अनुकूल समय है।

धनु राशि–
आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपके सामने जो भी कठिन मामले हैं, उन पर बातचीत कर सकते हैं।

मकर राशि–
आज आपका दिन बेहतरीन है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा।

कुंभ राशि–
आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी कम्युनिकेशन की क्षमता दूसरों को प्रभावित करेगी, जिससे आपको फायदा होगा।

मीन राशि–
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका ध्यान केवल और केवल अपने काम के प्रति रहेगा, इसके लिए आप कठोर परिश्रम भी करने के लिए तैयार रहेंगे।

# भाजपा नेता ने नाला निर्माण की गुणवत्ता पर उठाये सवाल, जांच, प्रभावी कार्रवाई की मांग

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष संजय चौधरी ने नगर पंचायत मुण्डेरवा के वार्ड संख्या–7 स्थित श्रीराम नगर में चल रहे नाला निर्माण कार्य में अनियमितता और घटिया सामग्री के प्रयोग का आरोप लगाते हुए मंडलायुक्त, जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मुण्डेरवा को रजिस्टर्ड शिकायत पत्र भेजकर जांच और कार्रवाई की मांग की है।भाजपा नेता संजय चौधरी उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है। मुण्डेरवा–महादेवा मार्ग पर बनाए जा रहे नाले की दीवारों में केवल सिंगल सरिया जाल का इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि मानक के अनुसार डबल जाल लगाया जाना चाहिए। इसके साथ ही नाले के नीचे उचित बेस तैयार किए बिना ही निर्माण कार्य कराए जाने का आरोप भी लगाया गया है, जिससे भविष्य में नाले के कमजोर होकर क्षतिग्रस्त होने की आशंका जताई जा रही है।स्थानीय लोगों ने भी निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त सीमेंट, गिट्टी और अन्य सामग्री निम्न स्तर की है तथा कार्य जल्दबाजी में कराया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि विभागीय दिशा–निर्देशों की अनदेखी कर मानकविहीन तरीके से निर्माण कराया जा रहा है।संजय चौधरी ने बताया कि उनके पास निर्माण कार्य से जुड़ी वीडियो क्लिप भी मौजूद है, जिसे जांच के दौरान साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य को तत्काल रोककर तकनीकी टीम से गुणवत्ता की जांच कराई जाए तथा दोषी ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।क्षेत्रवासियों का कहना है कि सरकार जहां विकास कार्यों के माध्यम से जनता का विश्वास मजबूत करने का प्रयास कर रही है,

वहीं कुछ ठेकेदारों और अधिकारियों की लापरवाही से सरकारी योजनाओं की छवि प्रभावित हो रही है।

# 37 वां राष्ट्रीय होमियोपैथिक वैज्ञानिक सम्मेलन का किया गया आयोजन

कुशीनगर, (आरएनएस)। जनपद के पडरौना नगर के एक होटल में होम्यो ग्रैंड कन्वेंशन 2026 की ओर से 37 वां राष्ट्रीय होमियोपैथिक वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश भर के वरिष्ठ चिकित्सकों, शिक्षकों और होमियोपैथी प्रेमियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ होमियोपैथ के जनक डॉ हैनीमैन व स्वव डॉ सी पी सिंह के चित्र पर माला पहनाकर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के लिए होमियोपैथ चिकित्सको को धन्यवाद देते हुए कहा कि अपने शहर में इतने बड़े सेमिनार का आयोजन सराहनीय कार्य है। डॉ विभा सिंह पुत्री स्वव डॉ सी पी सिंह फाउंडर रिसर्च सोसायटी ऑफ होमियोपैथी के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए पडरौना कमिटी को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरे पिता जी के देहांत होने के बाद उनके सम्मान में 37 वां राष्ट्रीय होमियोपैथिक वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में लखनऊ के मशहूर होमियोपैथ स्पीकर डॉ निशांत ने चर्म रोग पर व्याख्यान दिया साथ में कई गंभीर रोग पर चर्चा किया। इंटरनेशनल होमियोपैथिक स्पीकर डॉ गौरी शंकर ने आर्गेनान ऑफ मेडिसिन होमियोपैथी पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि होमियोपैथी की जननी आर्गेनान ऑफ मेडिसिन है बिना इसके प्रैक्टिस संभव नहीं है। बगहा के कैंसर रिसर्च सेंटर के प्रबंधक डॉ पदमभानु सिंह ने कैंसर रोग पर व्याख्यान दिया। डॉ पंकज श्रीवास्तव ने गठिया, अर्थराइटिस, हड्डी का घिसना, हड्डी टेढ़ा होने, हड्डी का बढ़ना आदि पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में जिला होमियोपैथिक अधिकारी डॉ अशोक सिंह, विशिष्ट अतिथि विधायक फाजिलनगर सुरेंद्र कुशवाहा, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, मंचासीन डॉ नित्यानंद श्रीवास्तव, डॉ अरुण कुमार गौतम, डॉ पंकज श्रीवास्तव, डॉ निशांत, डॉ गौरी शंकर, डॉ वीरेंद्र नाथ मौर्य, स्वव डॉ सी पी सिंह की पत्नी को बैच लगा कर पुष्प गुच्छ के साथ अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर कार्यक्रम के आयोजक डॉ अभ्युदय मौर्य, सचिव डॉ अरुण तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ अनिल कुशवाहा, डॉ सागर कृष्ण मौर्य ने सम्मानित किया।इस अवसर पर डॉ उत्पल, डॉ विनय राय, डॉ एन टी खान, डॉ मृत्युंजय ओझा, डॉ राजाराम जायसवाल, डॉ शिप्रा मिश्रा, डॉ पूजा मौर्या, डॉ अनुराधा जायसवाल, डॉ धनंजय मिश्र, डॉ आर ए कुशवाहा, डॉ राजेश मिश्र, डॉ वैभव गौतम, डॉ बी के राय, डॉ घनश्याम वर्मा, डॉ डी के राय, डॉ दिलीप तुलस्यान, डॉ पी के सिंह, डॉ शिबू, डॉ दीपक जायसवाल, सुनील मौर्य, मुकेश कुशवाहा, आकाश गुप्ता आदि सैकड़ों चिकित्सक उपस्थित रहे।

# ''इंसाफ की चौखट पर उमड़ा फरियादियों का दर्द

मड़िहान, मीरजापुर। तहसील सभागार शनिवार को लोगों की उम्मीदों का केंद्र बन गया, जब जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन चल रहा था। उमस भरी गर्मी में भी फरियादियों की लंबी कतारें लगी रहीं। कोई टूटी सड़क का दर्द लेकर पहुंचा था, तो कोई अपनी मेहनत की फसल बेचने के लिए अधिकारियों से न्याय की गुहार लगा रहा था। सबसे अधिक राजस्व विभाग से संबंधित जमीन विवाद से रहा। कुल 125 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 15 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। हालांकि बाकी शिकायतों में प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार की परतें खुलती नजर आईं। सड़क की परतों के साथ खुली भ्रष्टाचार की कहानी ग्राम पंचायत ददरा के ग्राम प्रधान रमेश कुमार यादव के साथ पहुंचे ग्रामीणों द्वारा भैसाखाड़– कूड़ी संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य में भारी अनियमितता का आरोप लगाया गया। शिकायत करने आए फरियादियों में गुस्सा और दर्द सामने आया। उन्होंने जिलाधिकारी को बताया कि सड़क निर्माण में इतनी घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है कि पैर रगड़ते ही ऊपर की गिट्टियां हट जा रही हैं और नीचे की सोलिंग बाहर दिखने लगती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले दिनों कुटाई के अभाव में खामियां मिली थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत सुनते ही जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने नाराजगी जाहिर करते हुए उप जिलाधिकारी मड़िहान अनेग सिंह को तीन दिन के भीतर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पचोखरा खुर्द गांव निवासी किसान अमित विक्रम सिंह ने बताया कि उसके पिता की किडनी का इलाज लखनऊ पीजीआई में चल रहा है। इलाज के खर्च के बीच उसने अपनी फसल बेचने के लिए क्रय केंद्र पर ऑनलाइन नंबर लगवाया था। लेकिन केंद्र प्रभारी गेहूं में मिट्टी होने का आरोप लगाकर वापस कर दिया। पीड़ित किसान ने आरोप लगाया कि अब उससे प्रति कुंतल 50 रुपये अतिरिक्त खर्च मांगा जा रहा है। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम मड़िहान को जांच कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया।

# हीट वेव एवं लू प्रकोप को लेकर जिले में अलर्ट

## 'जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मीरजापुर ने जारी की एडवाइजरी

मीरजापुर। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), लखनऊ द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जनपद मीरजापुर में 22 मई 2026 तक हीट वेव संभावित मौसम रह सकता है। उक्त के दृष्टिगत जिलाधिकारी, अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पवन कुमार गंगवार ने आम जनमानस से यह अपील है की हीट वेव के संबंध में निम्न सावधानियों का ध्यान रखते हुए कार्य करें, ताकि इससे बचा जा सके। मीरजापुर में नगर पालिका के कूड़ा संग्रहण वाहन से ऑडियो क्लिप के माध्यम से प्रतिदिन हीट वेव जागरूकता के संबंध में ऑडियो चलाया जा रहा है, जिस पर ध्यान देना चाहिए। इनमें मुख्य रूप से–पर्याप्त मात्रा में पानी पियें, प्यास को बिल्कुल भी टालें नहीं, प्यास लगने पर तत्काल पानी पीयें। हल्के रंग के पसीना शोषण करने वाले हल्के वस्त्र पहने। टोपी या सर पर गमछा रख कर धूप में चलें व आवश्यकतानुसार छाता का भी उपयोग किया जा सकता है। अगर आप खुले में कार्य करते हैं तो सिर, चेहरा, हाथ–पैरों को हल्के नमी वाली या गीले कपड़े से समय समय पर पोछते रहें और सर को ढक कर ही कार्य करें। लू से प्रभावित व्यक्ति को छाया में लिटा कर तत्काल सूती गीले कपड़े से पोछें तथा चिकित्सक से संपर्क करें।यात्रा करते समय पीने का पानी साथ ले जाएं। ओआरएस, घर में बने हुए पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके। हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हिट क्रैंप के लक्षण जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सर दर्द, उबकाई, पसीना आना, मूर्छा आदि को पहचानधं। अपने घर को ठंडा रखें– पर्दे इत्यादी का उपयोग करें तथा शाम, रात के समय घर को ठंडा करने हेतु कुछ देर को सावधानीपूर्वक सभी खिड़की दरवाजे अवश्य खोल दें।

# केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने जनसंवाद के दौरान जनपदवासियों की समस्याओं का किया निस्तारण

मीरजापुर। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय राज्य मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व रसायन उर्वरक अनुप्रिया पटेल जी ने रविवार को जनपद के सरदार पटेल चौराहा स्थित सांसद जनसंपर्क कार्यालय में जनसंवाद किया। उन्होंने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम जनमानस और एनडीए के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर बारी–बारी से सबकी समस्याएं सुनीं।

# लाल बालू का काला साम्राज्यरू- किसके संरक्षण में बिना आईएसटीपी पास बनवाए रात के अंधेरे में बेखौफ जिले में प्रवेश कर रही बालू लदी ट्रके

कुशीनगर, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर व पडोसी राज्य बिहार सीमा पर (लाल सोना) मोरंग बालू का खेल सिर्फ अवैध खनन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरा मामला सरकारी सिस्टम, पुलिसिया संरक्षण और इंट्री माफियाओं के कथित गठजोड़ की भयावह तस्वीर पेश कर रहा है। ऐसी चर्चा है कि कुशीनगर में हर रात बालू से लदी सैकडों ट्रकें बिना आईएसटीपी के सीमा पार कर रही हैं। नतीजतन सार्वजनिक रूप से करोड़ों रुपये का राजस्व की चोरी हो रहा है। सवाल यह है कि जब सीमा पर सघन चेकिंग अभियान चल रहा है, तब "सेटिंग वाली गाड़ियां" आखिर किसके इशारे पर बेरोकटोक दौड़ रही हैं? पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के एक्शन और दो पुलिसकर्मियों के निलंबन के बाद अब यह मामला सिर्फ राजस्व चोरी नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम में फैले कथित भ्रष्टाचार और संरक्षण के नेटवर्क की जांच का विषय बन गया है।बताते चलें कि लगातार मिल रही शिकायतो के बाद पिछले एक पखवाड़े से जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने राजस्व चोरी के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। बहादुरपुर चौकी पर चौबीसों घंटे सघन चेकिंग की जा रही है। मगर सवाल यह है कि जब सीमा पर इतनी सख्ती है तो बिना आईएसटीपी (पास) कटाए ट्रकें तमकुही राज, सेवरही और पटहेरवा थाना क्षेत्रों तक कैसे पहुंच रही हैं? 14 मई को सीओ तमकुही राज के नेतृत्व में की गयी कार्रवाई में बिना आईएसटीपी कटाए घूम रही 10 ट्रकों को पकड़ा गया। करीब पांच लाख रुपये की राजस्व, चालान से वसूला गया और सात लोगों पर मुकदमा भी दर्ज हुआ। लेकिन इस कार्रवाई ने सिस्टम की पोल खोल दी। चर्चा सरेआम होने लगी कि बार्डर पर इतना सघन जांच अभियान के बावजूद यह ट्रकें कई थाना क्षेत्रो की सीमा कैसे पार की? क्या रास्ते में इन्हें "सरकारी संरक्षण" मिलता रहा?। एफआईआर में वही नाम दर्ज हुए जिनकी विभाग में है मजबूत पैठ–– करीब पांच दिन पहले खनन अधिकारी की तहरीर पर तरया सुजान थाने में 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। आरोप है कि ये लोग बिना आईएसटीपी के ट्रकों को अवैध तरीके से पास कराते थे। लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिन लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ, वही लोग खनन विभाग के बेहद करीबी बताए जा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो आरोपियों में एक ऐसा शख्स भी शामिल है, जिसे खनन अधिकारी का "कारखास" कहा जाता है। ऐसी चर्चा जोरो पर है कि खनन अधिकारी का कारखास कहलाने वाला व्यक्ति खनन अधिकारी के कई गोपनीय राज जानता है और उसी के दम पर पूरे सिस्टम में दखल देता है। यही वजह है कि इलाके में यह सवाल तेजी से उठ रहा है कि क्या एफआईआर सिर्फ दिखावे की कार्रवाई है या फिर अंदरखाने में कोई बड़ा खेल चल रहा है?।

ड्राइवर, मुंशी और कॉल डिटेल खोल सकती है पूरा राज–– बेशक! पूरे मामले में खनन अधिकारी के चालक जितेंद्र और मुंशी सतीश की भूमिका भी चर्चा में है। जानकारों का कहना है कि यदि आरोपियों, चालक और मुंशी के मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल, लोकेशन और चौट रिकॉर्ड की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो पूरे "इंट्री नेटवर्क" का काला सच सामने आ सकता है। बताया जा रहा है कि बिहार सीमा से निकलने वाली ट्रकों की "सेटिंग" पहले से तय रहती है। कौन सी गाड़ी कहां से निकलेगी, किस चौकी पर किससे बात करनी है, कौन सी गाड़ी पकड़ी जाएगी और कौन सी सुरक्षित निकलेगी, सब कुछ एक सुनियोजित नेटवर्क के तहत संचालित होता है।कमजोर ट्रांसपोर्टर निशाने पर, बड़े खिलाड़ी सुरक्षित–– विडंबना यह है कि कार्रवाई सिर्फ कमजोर और बिना पहुंच वाले ट्रक मालिकों पर हो रही है। जिनकी विभाग और पुलिस में मजबूत पकड़ है। उनकी गाड़ियां मुकदमे के बाद भी बेखौफ दौड़ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ है, वह आज भी थानों और विभागीय कार्यालयों में बेखौफ आते–जाते देखे जा रहे हैं। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर इन लोगों को संरक्षण कौन दे रहा है?।

एसपी का एक्शन, दो अफसर निलंबित–– इस मामले मे पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बड़ा कदम उठाते हुए तरया सुजान थानाध्यक्ष राम सहाय चौहान और बहादुरपुर चौकी प्रभारी विक्रम अजित राय को देर रात निलंबित कर दिया। जिले में चर्चा है कि यह कार्रवाई बालू के अवैध खेल और कथित सेटिंगबाजी की शिकायतों के बाद हुई है। पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई से पूरे महकमे में हड़कंप मच गया है। माना जा रहा है कि अगर जांच का दायरा बढ़ा तो कई और जिम्मेदारो के चेहरे बेनकाब हो सकते हैं।

फिलहाल कुशीनगर में मोरंग लाल बालू के इस खेल ने प्रशासनिक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या कार्रवाई सिर्फ छोटे खिलाड़ियों तक सीमित रहेगी या फिर उन बड़े चेहरों तक भी पहुंचेगी जिनके संरक्षण में यह करोड़ों का खेल वर्षों से फल–फूल रहा है? जानकारो का दावा है कि निष्पक्ष जांच हुई। मोबाइल कॉल डिटेल और लोकेशन हिस्ट्री खंगाली गई, तो यह साफ हो जाएगा कि आखिर कौन लोग इस पूरे नेटवर्क के असली संचालक हैं और किसके शह पर सरकार के राजस्व को दोनो हाथो से लूटा जा रहा है।

# केन्द्रीय राज्यमंत्री ने विन्ध्य प्रसादम बाक्स व गिफ्ट बाक्स का किया शुभारम्भ

## 'विन्ध्य प्रसादम बाक्स का यह पहल वोकल फॉर लोकल और महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण अनुप्रिया पटेल

मीरजापुर। केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं रसायन उर्वरक भारत सरकार अनुप्रिया पटेल ने ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए विंध्य प्रसादम व गिफ्ट बॉक्स का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सोहन लाल श्रीमाली, विधायक छानबे रिंकी कोल, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजक कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए धर्मजीत सिंह, उपायुक्त एनआरएलएम रमाशंकर सिंह सहित तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि यह पहल वोकल फॉर लोकल और महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण है। एनआरएलएम समूह की महिलाओं ने विंध्य क्षेत्र के स्थानीय उत्पादों पारंपरिक व्यंजनों और हस्तशिल्प को मिलाकर यह विशेष गिफ्ट बॉक्स तैयार किया है। केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने इस सराहनीय पहल के लिए जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडी धर्मजीत सिंह व उपायुक्त एनआरएलएम रमाशंकर सिंह की सराहना भी की। मंत्री ने एनआरएलएम की महिलाओं के हुनर और उद्यमिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ–साथ भारत की समृद्ध संस्कृति और खान–पान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। यह गिफ्ट बॉक्स त्योहारों, कॉर्पोरेट गिफ्टिंग और पर्यटन को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि विन्ध्याचल में आने वाले दर्शनार्थियो के लिए समूह की महिलाओ के निर्मित यह विन्ध्य प्रसादम उपलब्ध है इसमें चुनरी से लेंकर पूरी पूजा की सामाग्री व प्रसाद उपलब्ध है। विन्ध्य कारीडोर में एक स्थान चिन्हित किया गया है जहां पर दर्शनार्थी विन्ध्य प्रसादम को प्राप्त कर सकते है।जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने बताया कि विंध्य प्रसादम बाक्स मे मंदिर ढांचा, अगरबत्ती, धूपबत्ती, बम्बू आइटम, लाची दाना, स्मक बल्ब, दौना पत्ता, चुनरी, रुद्राक्ष माला, कदंब का बीज, आसनी, आसन के अलावा शिवपुर का पेड़ा, घी व गुड़ को मिलाकर विशेष विन्ध्य प्रसादम, गिफ्ट बाक्स तैयार किया गया है जिसका मूल्य रूपया दो हजार प्रति बाक्स हैं। इसके अलावा विन्ध्य गिफ्ट बाक्स में तेल 500 मिलीलीटन, सूरन आचार, कटहल आचार, ग्राम, मिर्च आचार, बेसन, सत्तू, दाल, क्रमशः 250–250 ग्राम व मोरिंगा पाउडर, आम का आमचूर, करी पत्ता पाउडर, पापड़ क्रमशः 100–100 व मिर्च पाउडर, गरम मसाला पाउडर, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, खड़ा गरम मसाला क्रमशः 50–50 ग्राम एवं हैण्डवाश हार्पिक डिशवास, आलावास 250–250 ग्राम के अलावा 100 रूपये डिलीवरी चार्ज कुल मिलाकर विन्ध्य गिफ्ट बाक्स का मूल्य 1282 रूपया निर्धारित किया गया है।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की भव्य प्रतिमा का केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया अनावरण

लालगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के बेलाही गांव में स्थित बौद्ध मंदिर परिसर में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की भव्य प्रतिमा का रविवार को केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने विधि विधान से अनावरण किया।उन्होंने अखंड भारत के निर्माण में सरदार पटेल के योगदान को याद दिलाया और सरकार की जन–कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने विधि विधान से सरदार पटेल की पूजा अर्चना कर प्रतिमा का अनावरण किया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि लोह पुरुष सरदार पटेल भारत के अखंड भारत के रचयिता और एक स्तंभ थे श्रीमती पटेल ने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान योजना गरीब एवं मध्यम वर्गी परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है उन्होंने विस्तृत जानकारी देती हुई कहा कि 70 प्लस के सभी लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है।

# आंधी-तूफान से प्रभावित परिवारों को विधायक ने वितरित किए

मीरजापुर। पिछले दिनों जिले में आएं आंधी–तूफान में व्याप्त पैमाने पर हुए जन–धन की हानि से जहां अभी प्रभावित परिवारों के लोग उबर नहीं पाए हैं वहीं दूसरी ओर रविवार को नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र ने अपने विधानसभा क्षेत्र में नगर के नटवा में प्रभावित परिवारों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य आपदा मोचन निधि के अंतर्गत प्रदान की गई आर्थिक सहायता वितरित कर उनका हालचाल जाना तथा इस कठिन समय में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहने के साथ आगे भी हर संभव मदद करते रहेंगे। इस दौरान गांव के गणमान्य जनों के साथ पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जहरीले जीव के काटने से किशोरी की हालत नाजुक

बस्ती। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के श्रीपालपुर गांव में बीती रात एक 14 वर्षीय बालिका को किसी जहरीले जीव ने काट लिया। घटना के बाद से बालिका की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, श्रीपालपुर निवासी मनोज की 14 वर्षीय पुत्री सुहानी बीती रात अपने कमरे में सो रही थी। देर रात अचानक उसके दाहिने हाथ में तेज दर्द का अहसास हुआ, जिससे उसकी आंख खुल गई। जब बालिका ने कमरे की रोशनी जलाई, तो उसने देखा कि उसके हाथ पर काले रंग के निशान बने हुए थे। आशंका जताई जा रही है कि सोते समय किसी जहरीले कीड़े या सांप ने उसे काट लिया था।दर्द से कराहती बालिका ने तुरंत कमरे से बाहर आकर इस बात की जानकारी अपनी मां गीता देवी को दी। देखते ही देखते बालिका की तबीयत बिगड़ने लगी और वह बेहोश होने लगी। बेटी की हालत बिगड़ती देख परिजन बेहद डर गए। उन्होंने बिना समय गंवाए उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल जिला अस्पताल में बालिका का इलाज जारी है, जहां डॉक्टरों के अनुसार उसकी स्थिति अब भी नाजुक बनी हुई है। घटना से परिजन बेहद चिंतित हैं।

# डीजे विवाद में खूनी झड़प

बस्ती नगर थाना क्षेत्र में डीजे पर नाच–गाने को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। इस घटना में दो सगे भाइयों समेत एक भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया।कमलेश पुत्र राम कुमार निवासी मोहल्ला पुराना डाकखाना, थाना कोतवाली बस्ती अपने परिवार सहित ग्राम निशाजोत रानीपुर में निमंत्रण कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। 15 मई की रात करीब 10 बजे डीजे पर नाचने को लेकर विवाद हो गया।आरोप है कि संदीप, गिरीश, प्रेम और अनिल ने मिलकर सत्यन और शिवम तथा उनके भतीजे देव पर लोहे के रॉड, लाठी–डंडों से हमला कर दिया। हमले में तीनों के सिर फट गए और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है।थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सुमन यादव कांग्रेस आरटीआई विभाग चेययरमैन नियुक्त

बस्ती। कांग्रेस आरटीआई विभाग के प्रदेश चेयरमैन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की संस्तुति पर सुमन यादव गुड्डन को बस्ती आरटीआई विभाग का जिला चेयरमैन नियुक्त किया है। सुमन यादव गुड्डन ने कहा कि उन्हें जो दायित्व दिया गया है, पूरा प्रयास होगा कि कांग्रेस के दिशा निर्देश के अनुरूप जनहित के सवालों को लेकर संघर्ष किया जाय।सुमन यादव गुड्डन को आरटीआई विभाग का जिला चेयरमैन नियुक्त किये जाने पर आरटीआई विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्वान्चल प्रभारी महेन्द्र श्रीवास्तव ने यह जानकारी देते हुये कहा कि निश्चित रूप से सुमन संगठन को मजबूती देने के साथ ही संघर्ष की धार को मजबूती देंगी। मुख्य रूप से कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी, पूर्व विधायक अम्बिका सिंह, अनूप पाण्डेय, वीरेन्द्र पाण्डेय उर्फ बब्लू, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू', बसन्त चौधरी, देवेन्द्र श्रीवास्तव, बाबूराम सिंह, नर्वदेश्वर शुक्ल, देवी पाण्डेय, रीता साहनी, सरिता, विद्या वर्मा, हसीना खातून, पूनम, नमिता, संजू गौड़, रूक्मिणी, रचना गौड़, संगीता शर्मा, सोनगुना, कविता, अफसाना आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# मनमानी हरकतो के कारण चाय, पान वाला हिरासत में

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता वार्ड नं. 25 पिकौरा बक्श के सभासद रमेश कुमार गुप्ता की शिकायत पर गांधीनगर चौकी इन्चार्ज सभाशंकर यादव ने त्रिपाठी चित्र मंदिर के गली में चाय, गुटखा आदि की दूकान चलाने वाले विनोद कुमार गुप्ता को उसके मनमानी हरकतो के कारण हिरासत में ले लिया है।सभासद रमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि क्षेत्रीय नागरिकों ने उनसे शिकायत किया कि विनोद कुमार गुप्ता और पवन गुप्ता चाय व पान की की दूकान पर बहुत तेजी से अश्लील गीतों वाला साऊण्ड बजाते हैं। स्कूल की छुट्टी के दौरान लड़कियों से छेड़खानी और अश्लील हरकत के मामले सामने आये। रविवार को जब गांधीनगर चौकी इन्चार्ज सभाशंकर यादव पुलिस कर्मियों के साथ विनोद और पवन के चाय व पान की दूकान पर पहुंचकर पूंछतांछ शुरू किया कि विनोद कुमार गुप्ता ने सभासद रमेश गुप्ता को भी अश्लील गालियां दी। इस पर चौकी इन्चार्ज सभाशंकर यादव ने विनोद को हिरासत में ले लिया। सभासद रमेश गुप्ता ने दोषियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की मांग किया है जिससे मोहल्ले में शांति बनी रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ के 5 विकास क्षेत्रों के संगठन पदाधिकारियों को मिला अनुमोदन

बस्ती। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल और जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि जनपद के 5 विकास क्षेत्र के संगठन पदाधिकारियों के चयन के बाद जिला कार्य समिति से अनुमोदन के बाद मान्यता जारी किया गया है।शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने बताया कि रूधौली में रजनीश मिश्र अध्यक्ष, योगेश्वर शुक्ल मंत्री, अमरेश दूबे कोषाध्यक्ष, दुबौलिया में दिवाकर सिंह अध्यक्ष, अवनीश तिवारी मंत्री, राजेश कुमार कोषाध्यक्ष, कुदरहा में ओम प्रकाश पाण्डेय अध्यक्ष, हरीश चौधरी मंत्री, अमित श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, रामनगर में प्रदीप कुमार मिश्र अध्यक्ष, कुलदीप तिवारी कार्यवाहक अध्यक्ष, विवेक उपाध्याय मंत्री, ज्ञानेश्वर शुक्ल कोषाध्यक्ष, नन्द किशोर चौधरी संयुक्त मंत्री, आशुलेष पाण्डेय, मो. जमील, रामलखन, कृष्ण कुमार उपाध्यक्ष, अश्विनी पाठक, रामकृपाल, पंकज, कौशल, मुकेश संगठन मंत्री और परसुरामपुर में नरेन्द्र कुमार द्विवेदी अध्यक्ष, राजीव कुमार पाण्डेय मंत्री, दिनेश वर्मा को कोषाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है।

# खून से लाल हुई सड़क, ट्रेलर से कुचलकर दम्पति की हुई दर्दनाक मौत, बाल-बाल बचे मासूम

मीरजापुर। यूपी के मीरजापुर में सड़क हादसों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को वाराणसी शक्तिनगर मुख्यमार्ग एक बार फिर दर्दनाक हादसे का गवाह बना है। जानकारी के मुताबिक अहरौरा थाना क्षेत्र के महुली गांव के समीप तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार पति–पत्नी को बुरी तरह से कुचल दिया जिससे दोनों की मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार गौतम 35 पुत्र दुख्खू तथा उनकी पत्नी फूला देवी 29 की मौत हो गई है जबकि बेटी ममता व गुलशन बाल–बाल बचे हैं। बताया जा रहा है कि सभी बाइक पर सवार होकर एक शादी समारोह से लौट रहे थे कि तभी हादसे के शिकार हो गए। हादसे का मंजर देख कर मौके पर मौजूद लोगों के रोंगटे खड़े हो गए थे वहीं बाइक से छिटकर दूर गिरे दोनों बच्चों का माता पिता के मौत का मंजर आंखों से देख रो–रोकर बुराहाल हो गया था। हादसे की खबर होने पर पहुंची पुलिस दोनों शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुटी रहीं हैं।

# आईजीआरएस रैंकिंग सुधारने के लिए डीएम सख्त

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में जूम मीटिंग के माध्यम से कैंप कार्यालय में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतने वाले विभागों और अधिकारियों के प्रति अत्यधिक कड़ा रुख अपनाया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि अंतिम समय (डेडलाइन के अंत में) आख्या लगाने की प्रवृत्ति के कारण जनपद की रैंकिंग प्रभावित होती है। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि सभी विभाग निर्धारित समय–सीमा से 'तीन दिन पूर्व ही गुणवत्तापूर्ण आख्या' पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत किया कि असंतुष्ट और नकारात्मक फीडबैक के कारण जनपद की ग्रेडिंग गिरती है, जिसे हर हाल में रोका जाए। शिकायतों के शत प्रतिशत और पारदर्शी निस्तारण के लिए निर्देश जारी किए गए। जांच अधिकारी प्रार्थी के मोबाइल नंबर पर अनिवार्य रूप से संपर्क करें। कॉल न मिलने की स्थिति में कुछ समय अंतराल के बाद पुनः प्रयास करें अथवा वैकल्पिक नंबरों का उपयोग करें। शिकायतों की जांच अनिवार्य रूप से आवेदक की उपस्थिति में की जाए। स्थलीय निरीक्षण के दौरान पारदर्शिता के लिए मौके की फोटोग्राफी भी कराई जाए। जिन विभागों की रैंकिंग वर्तमान में 80 प्रतिशत है वे अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर इसे तत्काल 90 प्रतिशत से ऊपर ले जाएं। लक्ष्य प्राप्त न करने वाले संबंधित अधिकारियों का वेतन रोकने की चेतावनी दी गई है। समीक्षा के दौरान नकारात्मक फीडबैक और खराब प्रगति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से 'एडीओ पंचायत पहाड़ी तथा कर्वी, मऊ का इस माह का वेतन रोकने के आदेश किए।डीएम ने अपर जिलाधिकारी विरा को निर्देशित किया कि अंतिम दिनों में डिफॉल्टर की श्रेणी में आने वाले अधिकारियों को दैनिक आधार पर कार्यालय में तलब कर समीक्षा की जाए। वहीं, ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन नकारात्मक फीडबैक की रिपोर्ट जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी के पटल पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए।

# डेंगू से बचाव के लिए किया जागरूक, दिलाई शपथ

## –टीम ने एंटी लार्वा दवाओं का किया छिड़काव

चित्रकूट। राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर लोगों को डेंगू रोग से बचाव केलिए जागरूक कर शपथ ग्रहण कराया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीबीडी व जिला मलेरिया अधिकारी के निर्देशन में मलेरिया विभाग टीम द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में प्रचार प्रसार किया गया व विद्यालय में स्कूली बच्चो को डेंगू रोग से बचाव के लिए जागरुक करते हुए शपथ ग्रहण कराई गयी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि डेंगू दिवस का उद्देश्य इस रोग से बचाव के लिए जनमानस में जागरूकता बढ़ाना है। जनपद में डेंगू की जांच व रोकथाम को पर्याप्त संसाधान उपलब्ध है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गंगाराम रतमेले ने जानकारी दी कि डेंगू एक जानलेवा रोग है जो की मादा मच्छर एडीज द्वारा काटने से होता है। यह मच्छर दिन में काटता है। तेज बुखार, जोडो में दर्द, शरीर में चकत्ते पडना, सिर दर्द, उल्टी आना आदि डेंगू के प्रमुख लक्षण है। जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह ने बताया कि जनपद में गत वर्ष 2025 में कुल 13 डेंगू धनात्मक रोगी पाए गए थे। वर्ष 2026 में अब तक कोई भी डेंगू धनात्मक रोगी नहीं पाया गया है। सहायक मलेरिया अधिकारी आरके सिंह, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक रोहित व्यास, मलेरिया निरीक्षक प्रगति चंदेल, ज्योति सिंह, जयशंकर गुप्ता, कीट संग्रहकर्ता राजेश व एसएफडब्ल्यू संतोष कुमार द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में सोर्स रिडक्शन व प्रचार प्रसार किया गया। हर रविवार मच्छर पर वार की तर्ज पर लोगों को प्रत्येक रविवार अपने घरों के कूलरों का पानी साफ करने व अपने घरों के आसपास पानी जमा ना होने देने के लिए जागरूक किया गया व विद्यालय में स्कूली बच्चो को डेंगू रोग से बचाव के लिए शपथ ग्रहण कराई गयी। साथ ही नालियों व जलभराव वाले स्थानो में एंटी लारवा दवा का छिड़काव कराया गया।

## स्व.राजबहादुर यादव की पुण्यतिथि पर समर्थकों व कार्यकर्ताओं ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

चित्रकूट। समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं जनपद चित्रकूट के प्रथम जिलाध्यक्ष रहे स्व. राजबहादुर सिंह यादव की 13वीं पुण्यतिथि जिला मुख्यालय में सम्मान के साथ मनाई गई। इस दौरान सैकड़ों समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। साथ ही पूर्व जिलाध्यक्ष गौरीशंकर मिश्रा की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

गोष्ठी में वरिष्ठ समाजवादी नेता बृजभूषण यादव ने कहा कि स्व. राजबहादुर यादव संघर्ष और समर्पण का दूसरा नाम थे। उन्होंने समाजवादी विचारधारा को गांव–गांव तक पहुंचाने का कार्य किया। बताया कि चित्रकूट को जिला बनाए जाने की लड़ाई में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कार्यकर्ताओं के अधिकारों, किसानों, मजदूरों और महिलाओं की समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष किया और कई बार गिरतारियां भी दीं। चित्रकूट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील मिश्रा ने उन्हें अपना राजनीतिक गुरु बताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में ही उन्होंने राजनीति और समाजसेवा की शुरुआत की। कहा कि स्व राजबहादुर यादव कुशल वक्ता, गंभीर राजनेता और संगठन को मजबूत करने वाले नेता थे। आयोजक एवं स्व. राजबहादुर यादव के पुत्र पूर्व सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि उनके पिता का पार्टी और नेताजी मुलायम सिंह यादव के प्रति समर्पण अतुलनीय था। कार्यकर्ताओं के हितों की रक्षा और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना उनके पिता के जीवन का उद्देश्य था। भावुक होते हुए कहा कि आर्थिक अभाव के बावजूद उनके पिता ने अपने घर से पहले पार्टी कार्यालय को मजबूत करने का कार्य किया। इस दौरान वरिष्ठ समाजवादी नेता माताप्रसाद कुशवाहा, पार्टी प्रवक्ता सुभाष पटेल, मोहम्मद गुलाब खान, रोहित यादव, सुनील काका, कमल यादव, संतोष यादव, फूलचंद कविया, दीपक किशोर पटेल, राधेश्याम निषाद, कल्लू पाल, राजकिशोर विश्वकर्मा आदि ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर भागवत यादव, रामकिशोर कुरील, गरुण यादव, हीरालाल पटेल, बलराम पटेल, पप्पू जायसवाल, मनीष विश्वकर्मा, नवनीत सोनी, राजाबाबू यादव, आशुतोष

अग्रहरि, जागेश्वर यादव, सीतारम कश्यप, दीपक यादव, अवध पटेल, दादूभाई यादव, चंद्रभान यादव, मंगल यादव, राजीव लोचन त्रिपाठी, मनोज पाण्डेय, विजय गौतम, शिवशंकर पटेल, सैलू ठाकुर, गौतम वर्मा, राजेंद्र यादव, रमेश यादव आदि मौजूद रहे।

## आबकारी टीम ने 400 किग्रा लहन, 35 लीटर कच्ची शराब पकड़ी

चित्रकूट। आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार एवं जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री पर अंकुश लगाने को विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी अखिलेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम द्वारा ग्राम भैरोपाग थाना कर्वी में मंदाकिनी नदी के किनारे संदिग्धा ठिकानों पर दबिश दी गई तथा संदिग्ध स्थलों की सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान लगभग 400 किग्रा लहन बरामद किया गया। जिसे मौके पर ही विधिपूर्वक नष्ट कर दिया गया। साथ ही दबिश के दौरान 35 लीटर अवैध शराब जब्त करके संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दो अभियोग पंजी.त किए गए हैं। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के व्यापार में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कठोर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## 2351 किसानों से खरीदा गया 10103 मीट्रिक टन गेंहूं

चित्रकूट। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला खरीद अधिकारी अपर जिला धिकारी वित एवं राजस्व की अध्यक्षता मे गेंहू खरीद की समीक्षा बैठक हुई। जनपद मे अभी तक 2351 किसानों से 10103 मीट्रिक टन गेंहू खरीदा गया है। गेंहू क्रय की केंद्रवार समीक्षा मे स्थिति सामने आई की खाद्य विभाग और भारतीय खाद्य निगम के क्रय केंद्रो के साथ रामनगर, परसौंझा, कर्वी मंडी, बियावल के क्रय केंद प्रभारियों द्वारा अच्छी खरीद की सराहना की गयी। पीसीएफ के कुछ क्रय केंद्रो पर भंडारण के लिए जगह न होने की बात कही गयी। जिस संबंध पूर्व मे निर्देशित किया जा चुका है यदि आवश्यक हो तो गोदाम की व्यवस्था करें और जिला प्रबंधक पीसीएफ परिवहन ठेकेदारों से बात कर ज्यादा गाहूर, इटखरी, खोही को खरीद मे रुचि न लेने के लिए चेतावनी दी गयी। अपर जिलाधिकारी द्वारा सभी उपजिलाधिकारियो क्रय केंद्रो के नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शुक्रवार को अपने क्षेत्र के क्रम केंद्रों का निरीक्षण करें और उसी दिन शाम मे समीक्षा बैठक मे रिपोर्ट लेकर आयें। सभी केंद्रप्रभारियों को निर्देशित किया गया कि गेंहू बेचने वाले किसानों को यदि उनका फार्मर आईडी नही बना है तो उसे फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रोत्साहित करे। इस संबंध मे संबंधित तहसीलदार को अवगत करायें। समीक्षा बैठक मे उप जिलाधिकारी सौरभ यादव, एसडीएम न्यायिक पूजा गुप्ता, तहसीरदार कर्वी और मानिकपुर, जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश झा, एआर कापरेटिव राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# अवकाश के दिन भी डिजिटल स्व गणना रथ रहा गतिशील, 20 हजार परिवारों ने की सहभागिता

आजमगढ़, (अर एन एस)जनगणना 2027 के अंतर्गत संचालित स्व गणना रथ रविवार अवकाश के दिन भी निरंतर रूप से गतिशील रहा। स्व गणना रथ का डिजिटल रूपी पहिया गांव से लेकर मुख्यालय तक सतत प्रवाहित होता रहा, जिसके परिणाम स्वरूप आज 20 हजार डिजिटल स्वगणना हुई। प्रदेश में अब तक 2 लाख 20 हजार स्व गणना के साथ जनपद आजमगढ़ चौथे दिन भी प्रदेश में प्रथम स्थान पर काबिज रहा। यह उपलब्धि जनपद प्रशासन के कुशल नेतृत्व, समन्वित कार्ययोजना एवं जनसहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है।प्रमुख जनगणना अधिकारीध्जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना तथा जिला जनगणना अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गंभीर सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में समस्त वरिष्ठ अधिकारियों के पर्यवेक्षण तथा पूरी टीम के सामूहिक प्रयास, समर्पण एवं उत्कृष्ट समन्वय से यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है।स्व गणना अभियान के अंतर्गत नागरिकों को डिजिटल माध्यम से स्वयं अपनी जनगणना दर्ज कराने हेतु निरंतर जागरूक किया जा रहा है। जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान, विभागीय समन्वय, विभिन्न थीम आधारित दिवसों के आयोजन तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता के कारण स्व गणना अभियान को व्यापक सफलता प्राप्त हो रही है।जिलाधिकारी द्वारा जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे स्व गणना पोर्टल पर अपनी जानकारी अवश्य दर्ज कराएं तथा राष्ट्र निर्माण के इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

# बढ़े हुए मानदेय का डेमो चेक देकर अनुदेशकों को किया गया सम्मानित

चित्रकूट। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अनुदेशकों के बढ़े हुए मानदेय का शुभारंभ सम्मान समारोह का आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन सभागार लखनऊ से किया गया था। जिसका सजीव प्रसारण जनपद में ऑडिटोरियम हॉल के सभागार में विधायक मऊ मानिकपुर अविनाश चंद द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका परिषद कर्वी अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति दिखाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मऊ ध्मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने अनुदेशकों से कहा कि मुख्यमंत्री ने सराहना किया है कि किसी भी प्रकार से हड़ताल आदि नहीं किए हैं। जिसको ध्यान देते हुए मानदेय 17 हजार रुपए किया है। विद्यालयों पर बच्चों को अच्छी लिखकर आगे बढ़ें। जिन विद्यालयों में बाउंड्रीवॉल नहीं है उनमें विधायक निधि से निर्माण करायाजाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करें। ताकि समय से धनराशि देकर बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया जा सके। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित सभी अधिकारियों व बेसिक शिक्षा परिवार के सभी लोगों की तरफ से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष जुलाई 2013 में संविदा पर छात्र नामांकन 100 से अधिक वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अनुदेशकों की नियुक्ति की गई थी। जिसमें विषय स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा कला शिक्षण कार्य अनुभव शिक्षा के अनुदेशक नियुक्त किए गए थे। नियुक्ति के समय मानदेय सात हजार रुपए प्रतिमाह निर्धारित था। वर्ष 2021–22 में मानदेय नौ हजार कर दिया गया। अब माह अप्रैल से 17 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय किया गया है। वर्तमान में जनपद में कुल 249 अनुदेशक कार्यरत है। 292 उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं 153 कंपोजिट विद्यालय में कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के कुल 42108 छात्र छात्राएं अध्यनरत हैं।जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ एवं ओडीओपी से निर्मित स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के द्वारा अनुदेशकों को डेमो चेक देकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

## मछलियों का शिकार करने वालों पर हो कार्यवाही : अजीत सिंह

चित्रकूट। मंदाकिनी नदी सफाई अभियान के तहत छठवें दिन बुंदेली सेना नें बालाजी घाट से मुक्तिधाम के बीच नदी की सफाई की। मांग किया कि नदी में मछलियों का शिकार करने वालों पर कार्यवाही हो।बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह नें बताया कि मंदाकिनी नदी में छोटे पुल से बूड़े हनुमान जी मंदिर तक चोरी छिपे शिकारी मछलियों का शिकार करते हैं। इन शिकारियों को चिन्हित कर पुलिस चालान करे ताकि मछलियों के शिकार पर प्रभावी रोंक लग सके। रविवार को छठवें दिन बुंदेली सेना नें बालाजी घाट से लेकर मुक्तिधाम के बीच सघन सफाई अभियान चलाया। इस दौरान भारी भरकम चोई घास और प्लास्टिक कचरा नदी के बाहर किया गया। बताया कि पिछले करीब डेढ़ दशक से उनका अभियान जारी है। सफाई के पीछे मुख्य उद्देश्य धर्मभी समाज को जागरूक करना है।

## हमारा गाँव, हमारा तीर्थ बनाने पर दिखाई रुचि

चित्रकूट। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार कें निर्देशन मे गाँव को तीर्थ स्तर तक विकसित कर जीवन निर्माण को प्रेरित किया जा रहा है। चित्रकूट धाम उपजोन संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कथा कें माध्यम से ग्राम शिक्षण को आगे बढ़ाया। सभी ग्रामवासियो ने रूचि दिखाई। बताया गया कि आज 18 मई को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी समापन सत्र मे पहुँच रहें हैं। भीठउरा घाट कें महामंडलेश्वर विज्ञानानंद, अमृतसर से चिदंबर मुनि भी पधार रहें हैं। गायत्री परिवार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सामाजिक संगठनों कें लोग भो उपस्थित रहेंगे।

# जानलेवा हमला करने वाले तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

आजमगढ़ (अर एन एस)पुलिस ने अलग–अलग थाना क्षेत्रों में जानलेवा हमला करने के मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार और आलाजुर्म भी बरामद किए हैं।थाना जीयनपुर पुलिस ने महिला पर जानलेवा हमला करने के आरोपी बजरंगी पुत्र रममत निवासी मुहम्मदपुर को पाण्डेयपार मोड़ से गिरफ्तार किया। अभियुक्त पर आरोप है कि उसने पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट की तथा लोहे की दाव (चापड़) से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक दाव बरामद कर आर्म्स एक्ट की धारा भी बढ़ाई है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।वहीं थाना अहरौला पुलिस ने गैर जमानती वारंट के तहत वांछित चल रहे अभियुक्त अंजनी कुमार पुत्र गामा प्रसाद निवासी निकसपुर, जनपद अम्बेडकर नगर को बरामदपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त पर वर्ष 2025 में घर में घुसकर चाकू से गर्दन पर हमला कर जान से मारने की कोशिश करने का आरोप है। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी।उधर थाना मुबारकपुर पुलिस ने शराब के नशे में पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाले अभियुक्त हरिओम चौहान निवासी नरांव को उसके घर से गिरफ्तार किया। आरोपी ने पत्नी के सिर और चेहरे पर ईंट व लकड़ी के डण्डे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी का पीढ़ा, ईंट का टुकड़ा और डण्डा बरामद किया है।तीनों मामलों में पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से रिटायर्ड दरोगा की मौत

थाना क्षेत्र में रविवार सुबह हाईवे पर सुचेता कॉलोनी के पास प्रयागराज की ओर से तेज गति से आए ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार रिटायर्ड दरोगा कुंवर प्रताप सिंह (65) निवासी सुजनी प्रयागराज की मौत हो गई। जबकि बेटी श्वेता (25) व दो साल की नातिन सृष्टि छिटककर दूर गिरने से घायल हो गईं। चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। दामाद कृतंजय सिंह ने बताया कि ससुर शनिवार को बाइक से बेटी के घर आए थे। रविवार सुबह आठ बजे बेटी व नातिन को लेकर गांव जा रहे थे। झांसी–मिर्जापुर हाईवे पर हादसा हो गया। हेलमेट न लगाने से सिर व पेट में गंभीर चोट आई। थाना प्रभारी रीता सिंह ने घायलों को सीएचसी मऊ भेजा, जहां डॉक्टर ने दरोगा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों वाहन कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# हीट वेव एवं लू प्रकोप के संबंध में अलर्ट एवं जारी एडवाइजरी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आजमगढ़

आजमगढ़ (अर एन एस)भारत मौसम विज्ञान विभाग (आई0एम0डी0), लखनऊ के द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जनपद आजमगढ़ में 22 मई तक हीट वेव संभावित मौसम रह सकता है स उक्त के दृष्टिगत जिलाधिकारीध्अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रविंद कुमार की आम जनमानस से यह अपील है की हीट वेव के संबंध में निम्न सावधानियों का ध्यान रखते हुए कार्य करें 'हीट वेव एवं लू प्रकोप के दौरान क्या करें' 1. जनपद आजमगढ़ में नगरीय निकायों के कूड़ा संग्रहण वाहन से ऑडियो क्लिप के माध्यम से प्रतिदिन हीट वेव जागरूकता के संबंध में ऑडियो चलाया जा रहा है, कृपया उस पर ध्यान दीजिए 2. पर्याप्त मात्रा में पानी पियें, प्यास को बिल्कुल भी टालें नहीं, प्यास लगने पर तत्काल पानी पीयें 3. हल्के रंग के पसीना शोषण करने वाले हल्के वस्त्र पहने।4. टोपी या सर पर गमछा रख कर धूप में चलें व आवश्यकतानुसार छाता का भी उपयोग किया जा सकता है 5. अगर आप खुले में कार्य करते हैं तो सिर, चेहरा, हाथ–पैरों को हल्के नमी वाली या गीले कपड़े से समय समय पर पोछते रहें और सर को ढक कर ही कार्य करें 6. लू से प्रभावित व्यक्ति को छाया में लिटा कर तत्काल सूती गीले कपड़े से पोछें तथा चिकित्सक से संपर्क करें 7. यात्रा करते समय पीने का पानी साथ ले जाएं 8. ओ0आर0एस, घर में बने हुए पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके।9. हीट स्ट्रोकध्हीट रैशधहिट क्रैंप के लक्षण जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सर दर्द, उबकाई, पसीना आना, मूर्छा आदि को पहचान10. अपने घर को ठंडा रखें– पर्दे इत्यादी का उपयोग करें तथा शामध्रात के समय घर को ठंडा करने हेतु कुछ देर को सावधानीपूर्वक सभी खिड़की दरवाजे अवश्य खोल दें।11. कार्य स्थल पर पीने हेतु ठंडा पानी अवश्य रखें 12. कर्मियों को सीधी सूर्य की रोशनी से बचने हेतु सावधान करें । 13. घर से बाहर होने की स्थिति में आराम करने की समयावधि को बढ़ायें।'हीट वेव एवं लू प्रकोप के दौरान क्या ना करें'1. जानवरों एवं बच्चों को कभी भी बंद खड़ी गाड़ियों में अकेला ना छोड़ें।2. गहरे रंग के तथा भारी एवं तंग कपड़े ना पहनें 3. जब बाहर का तापमान अधिक हो तब श्रम साध्य कार्य बाहर न करें। 4. अधिक प्रोटीन तथा बासी एवं संक्रमित खाद्य एवं पेय पदार्थ का प्रयोग ना करें स अल्कोहल, चाय व काफी पीने से परहेज करें।'

## नशे में धुत युवक ने तोड़ी मूर्ति

चित्रकूट। पहाड़ी थाना क्षेत्र के लोहदा गांव के प्राचीन हनुमान मंदिर में शुक्रवार शाम नशे में धुत युवक ने मूर्ति खंडित कर दी। शनिवार सुबह श्रद्धालुओं ने मूर्ति टूटी देख पुलिस को सूचना दी। गांव में तनाव फैल गया। थाना प्रभारी निशिकांत राय ने बताया कि आरोपी विष्णु वर्मा को गिरतार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि नशे की हालत में की। आरोपी नशे का आदी है। धार्मिक भावनाएं आहत करने व पूजा स्थल की मूर्ति खंडित करने की धाराओं में केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर में नई मूर्ति स्थापित कर दी गई है। पुलिस ने शांति व्यवस्था के लिए गांव में गश्त बढा दी है।

# मुख्यमंत्री जी द्वारा अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान समारोह एवं चेक वितरण कार्यक्रम का जनपद में हुआ सजीव प्रसारण

आजमगढ़ (अर एन एस) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–27 में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत 24,717 अंशकालिक अनुदेशकों की मानदेय वृद्धि (01 अप्रैल, 2026 से ध्9,000 से बढ़ाकर ध्17,000 प्रतिमाह) के उपलक्ष्य में अनुदेशक सम्मान समारोह एवं चेक वितरण किया गया। जनपद में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण हरिऔध कला केंद्र में मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में उपस्थित अनुदेशक व शिक्षकों ने प्रसारण कार्यक्रम को देखा व सुना।प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ–साथ शिक्षाकर्मियों के सम्मान, हित संरक्षण और सामाजिक सुरक्षा हेतु निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। बेहतर शिक्षा,उन्नत भविष्य।प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर व्यापक सुधार और नवाचार किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो तथा शिक्षकों को सम्मानजनक वातावरण प्रदान करते हुए शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाया जाए।इसी क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–27 में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत 24,717 अंशकालिक अनुदेशकों की मानदेय वृद्धि (01 अप्रैल, 2026 से ध्9,000 से बढ़ाकर ध्17,000 प्रतिमाह) के उपलक्ष्य में श्अनुदेशक सम्मान समारोहश् एवं चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के अनुदेशकों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान को सराहा गया।

प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत 24,717 अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि सहित ध्5 लाख तक निःशुल्क चिकित्सा सुविधा,महिला अनुदेशकों को मानदेय सहित 06 माह का मातृत्व अवकाश का लाभ मिलेगा।मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना ने बताया कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार आधारित शिक्षण को बढ़ावा देते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर कार्य कर रही है। आधुनिक शिक्षा प्रणाली, प्रशिक्षित शिक्षकों और बेहतर संसाधनों के माध्यम से उत्तर प्रदेश का शिक्षा तंत्र नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है, जिससे प्रदेश के विद्यार्थियों का भविष्य और अधिक उज्ज्वल एवं सशक्त बन रहा है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव पाठक ने जानकारी देते हुए बताया है जनपद के 798 अनुदेशको को समारोह में सम्मानित कर एवं मानदेय वृद्धि का चेक वितरण किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारीगण, कार्यालय बीएसए स्टाफ सहित शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# छेड़खानी, मारपीट व धर्म परिवर्तन मामलों में पांच आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़ (अर एन एस)पुलिस ने छेड़खानी, मारपीट और अवैध धर्म परिवर्तन से जुड़े मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना सरायमीर, तरवां और पवई पुलिस द्वारा अलग–अलग मामलों में यह कार्रवाई की गई।थाना सरायमीर क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी, अभद्र व्यवहार और मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी आकाश चौहान पुत्र राजदेव चौहान निवासी कटघर जलाल को गिरफ्तार किया। पीड़िता की तहरीर पर 15 मई को मु0अ0सं0 121ध2026 के तहत धारा 75, 115(2) बीएनएस एवं 7ध8 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को कमालपुर मोड़ से गिरफ्तार किया।वहीं थाना तरवां पुलिस ने युवतियों से छेड़खानी और विरोध करने पर मारपीट व ईंट–पत्थर से हमला करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में रामअवतार राजभर, भोलू उर्फ विशेष राजभर और गौतम राजभर शामिल हैं। घटना के संबंध में थाना तरवां पर मु0अ0सं0 95ध2026 धारा 74, 115(2) और 130 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी गांव नौरसिया में दोबारा विवाद कर रहे थे, जिससे तनाव की स्थिति बन गई थी। इसके बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।इसी क्रम में थाना पवई पुलिस ने युवती को बहला–फुसलाकर ले जाने और अवैध धर्म परिवर्तन के मामले में वांछित आरोपी मोहम्मद तबरेज पुत्र जावेद अहमद निवासी ओरिल डिहवा को गिरफ्तार किया। मामले में पहले युवती के गायब होने पर धारा 87 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना और युवती के बयान के आधार पर धारा 351(3), 64(1) बीएनएस तथा उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म सम्परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धाराएं बढ़ाई गईं। पुलिस ने आरोपी को बलुआ मोड़ तिराहे से गिरफ्तार किया।पुलिस ने बताया कि सभी मामलों में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

# रविन्द्र जाडेजा की फिटनस पर सस्पेंस, कोच ने बताई चोट की असली वजह

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रवींद्र जडेजा की अनुपस्थिति पर कप्तान और कोच के बयानों में विरोधाभास सामने आया है, जहां रियान पराग ने इसे वर्कलोड मैनेजमेंट बताया वहीं कोच विक्रम राठौर ने घुटने की हल्की चोट को असली वजह बताया। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के प्लेइंग इलेवन में रवींद्र जडेजा की अनुपस्थिति ने कई सवाल खड़े किए। खुद हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे आरआर के कप्तान रियान पराग ने टॉस के समय बताया कि अनुभवी भारतीय ऑलराउंडर को श्वर्कलोड मैनेजमेंटश के कारण टीम में जगह नहीं मिली। हालांकि, आरआर के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने दिल्ली के खिलाफ जडेजा की अनुपस्थिति का सटीक कारण बताया है।मैच के बाद प्रेजेंटेशन में बोलते हुए, राठौर ने खुलासा किया कि जडेजा को आराम दिया गया था क्योंकि उनके घुटने में हल्की चोट थी, जिसका जिक्र पराग ने टॉस के समय नहीं किया था जब आरआर को डीसी द्वारा पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया था। राठौर ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि उनके घुटने में हल्की चोट थी। डॉक्टर इसे मैनेज करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें लगा कि अगर उन्हें एक और मैच का ब्रेक दिया जाए तो यह उनके लिए अच्छा होगा। इसलिए उन्हें आज आराम दिया गया। इस बीच, टॉस के दौरान पराग ने जडेजा की किसी भी चोट का जिक्र नहीं किया। उन्होंने कहा कि आज के मैच में सिर्फ एक बदलाव है। जड्डू भाई लोड मैनेजमेंट वगैरह की वजह से नहीं खेल रहे हैं, और रवि सिंह हमारी टीम के लिए डेब्यू कर रहे हैं। पराग खुद हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण गुजरात टाइटन्स के खिलाफ पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। शिमरोन हेटमायर और तुषार देशपांडे भी



जडेजा के साथ डीसी के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे। इस बीच, जडेजा अभी भी भारतीय टेस्ट और वनडे टीमों के अहम सदस्य हैं। आईपीएल 2026 के तुरंत बाद जून में भारत अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट मैच और तीन वनडे मैच खेलेगा। टेस्ट मैच 6 से 10 जून तक खेले जाएंगे, जबकि वनडे मैच 14 जून से शुरू होंगे। यह देखना बाकी है कि उन्हें दोनों टीमों में शामिल किया जाता है या सिर्फ एक में। 193 रनों का बचाव करने में नाकाम रहने के बाद रॉयल्स कैपिटल्स से हार गए। इससे उनकी प्लेऑफ की उम्मीदों को झटका लगा है क्योंकि रविवार को जीत उन्हें 14 अंक दिलाकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचा देती, जबकि उनके पास अभी भी दो मैच बाकी थे। हालांकि, इस हार के साथ वे पांचवें से छठे स्थान पर खिसक गए हैं और उनके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं अधर में लटकी हुई हैं।

# आईपीएल के बाद अब डब्लूपीएल पर पंजाब किग की नजर, फ्रेंचाइजी ने टीम खरीदने की इच्छा जताई

पंजाब किंग्स के सह–मालिक मोहित बर्मन ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में टीम खरीदने की गहरी इच्छा जताई है, हालांकि बीसीसीआई की फिलहाल लीग विस्तार की कोई योजना नहीं है। बर्मन ने महिला क्रिकेट के उज्ज्वल भविष्य और लीग की सफलता को देखते हुए इसमें निवेश करने की अपनी मंशा स्पष्ट की है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भले ही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का तत्काल विस्तार नहीं करना चाहता हो, लेकिन आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के सह–मालिक मोहित बर्मन का कहना है कि फ्रेंचाइजी चार सत्र पुराने इस टूर्नामेंट में किसी समय एक टीम का मालिक बनना पसंद करेगी। वर्तमान में डब्ल्यूपीएल में आईपीएल फ्रेंचाइजी के स्वामित्व वाली तीन टीम मुंबई इंडियंस, रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स हैं।बीसीसीआई की मौजूदा पांच टीमों वाली डब्ल्यूपीएल में और टीमें जोड़ने की कोई तत्काल योजना नहीं है, लेकिन बर्मन वैश्विक स्तर पर इस खेल के विकास को लेकर आशान्वित हैं और इसलिए महिला लीग से भी जुड़ना चाहते हैं। पंजाब किंग्स में 48 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले बर्मन ने पीटीआई से कहा, ''डब्ल्यूपीएल ने बहुत कम समय में ही महिला क्रिकेट में एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में अपनी पहचान बना ली है। महिला क्रिकेट की प्रगति शानदार रही है। हमने शुरू में महिला क्रिकेट में निवेश नहीं किया और इसे अविश्वास के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।''उन्होंने कहा, ''व्यक्तिगत रूप से मुझे लगता है कि महिला क्रिकेट का भविष्य बेहद उज्ज्वल है। हम एक महिला आईपीएल टीम (डब्ल्यूपीएल) के मालिक बनना चाहेंगे।'' बर्मन का मानना घ्है कि डब्ल्यूपीएल और भारतीय



महिला टीम की हालिया सफलता ने लोगों में काफी रुचि पैदा की है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने पिछले साल पहली बार महिला वनडे विश्व कप जीता था और उसे अगले महीने इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप में भी खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।बर्मन ने कहा, ''आज की युवा लड़कियां महिला क्रिकेटरों का प्रमुख खेल हस्तियों और सक्षम पेशेवर खिलाड़ियों के रूप में अनुसरण कर सकती हैं। इससे खेल का भविष्य पूरी तरह बल जाता है।'' आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने पिछले साल पीटीआई को बताया था कि बोर्ड की फिलहाल डब्ल्यूपीएल में नई टीम जोड़ने की कोई योजना नहीं है। धूमल ने कहा था, ''फिलहाल हम किसी भी टीम को शामिल करने का फैसला करने से पहले अपनी स्थिति मजबूत करना चाहते हैं।

# क्या चपेक में होगा एमएस धोनी का फोरएवर मैच? संन्यास की खबरों के बीच फैंस की बढ़ी धड़कनें

आईपीएल 2026 में पिंडली की चोट के कारण अब तक बाहर रहे एमएस धोनी की वापसी पर संशय बना हुआ है, जिससे चेन्नई में एसआरएच के खिलाफ सीएसके का आखिरी लीग मैच उनके संभावित विदाई मैच के रूप में देखा जा रहा है। कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने धोनी के वार्म–अप मैच में दोबारा चोटिल होने का खुलासा किया, जिससे उनकी वापसी की उम्मीदें और जटिल हो गई हैं। एमएस धोनी ने आईपीएल 2026 में एक भी मैच नहीं खेला है, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स के लीग चरण के आखिरी घरेलू मैच ने इस सवाल को एक बार फिर से जोर से उठा दिया हैरू क्या वह आज चेपॉक में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ वापसी करेंगे? इसका जवाब टॉस के समय ही मिलेगा, लेकिन पिछले कुछ दिनों में स्थिति काफी बदल गई है। धोनी की गैरमौजूदगी की शुरुआत सीजन से पहले पिंडली में खिंचाव की समस्या से हुई थी। बाद में दौड़ने और चलने–फिरने में दिक्कत की चिंता जताई जाने लगी। फिर एक वार्म–अप मैच में उन्हें झटका लगा। अब, रविचंद्रन अश्विन ने संकेत दिया है कि धोनी का चयन सार्वजनिक रूप से घोषित जानकारी से कहीं अधिक करीब हो सकता है। इससे सीएसके बनाम एसआरएच का मैच सिर्फ प्लेऑफ के दबाव वाला मैच नहीं रह गया है। चेन्नई में यह एक और धोनी पर नजर रखने वाला मैच बन गया है। सीएसके ने सीजन से पहले पुष्टि की थी कि धोनी पिंडली में खिंचाव के लिए रिहैबिलिटेशन करा रहे हैं और आईपीएल 2026 के पहले दो सप्ताह में उनके न खेलने की संभावना है। यह समय सीमा अनुमान से कहीं अधिक बढ़ गई है, क्योंकि धोनी इस सीजन में अब तक सीएसके के सभी मैच नहीं खेल पाए हैं।हालांकि, चिंता सिर्फ बल्लेबाजी को लेकर नहीं थी। सीएसके के बल्लेबाजी कोच



माइकल हसी ने बाद में कहा कि धोनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन उन्हें अपनी दौड़ने की गति पर फिर से भरोसा हासिल करने की जरूरत थी। यह बात उस खिलाड़ी के लिए महत्वपूर्ण है जिसकी अंतिम ओवरों में भूमिका में तेज दो रन, अचानक गति बढ़ाना और विकेटकीपिंग का भार शामिल होता है। हसी ने कहा कि धोनी अपने रिहैबिलिटेशन में अच्छी प्रगति कर रहे हैं और उन्होंने कहा कि वह उनकी बल्लेबाजी से खुश हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मैच में वापसी से पहले धोनी को अपनी दौड़ने की गति पर अभी भी भरोसा करने की जरूरत है। इसके बाद स्टीफन फ्लेमिंग ने धोनी की अनुपस्थिति के लंबे समय तक चलने का सबसे स्पष्ट कारण बताया।

# सीएसके की हार के बीच चमके कार्तिकं, दिग्गज श्रीकान्त बोले- इस पारी से बहुत प्रभावित हुआ

पूर्व भारतीय क्रिकेटर क्रिस श्रीकांत ने एलएसजी के खिलाफ सीएसके के कार्तिक शर्मा की 71 रनों की पारी की जमकर तारीफ की, लेकिन उन्होंने स्ट्राइक रोटेट न करने की उनकी कमी को भी उजागर किया। श्रीकांत ने कहा कि बाउंड्री के बाद सिंगल लेने की कला सीखना शर्मा के लिए महत्वपूर्ण है ताकि साझेदारी पर असर न पड़े। मौजूदा आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) 2026 के 59वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की। दोनों टीमें 15 मई को लखनऊ के एकाना स्टेडियम में भिड़ीं। चेन्नई को क्वालीफाई करने की उम्मीद थी, लेकिन लखनऊ ने जीत हासिल कर ली। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शीर्ष क्रम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, सीएसके के लिए कार्तिक शर्मा का प्रदर्शन सबसे बेहतरीन रहा। 42 गेंदों में 71 रन बनाकर कार्तिक ने पहली पारी में 187 रन बनाए।उनके प्रदर्शन को देखते हुए, पूर्व भारतीय क्रिकेटर क्रिस श्रीकांत ने मंच पर आकर कार्तिक के शानदार प्रदर्शन की तारीफ की। श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चौनल पर एक वीडियो में कहा कि मैं कार्तिक शर्मा का समर्थक नहीं रहा हूँ, लेकिन उनकी इस पारी से मैं बहुत प्रभावित हुआ। उन्होंने प्रिंस यादव पर जमकर प्रहार किया, यह जानते हुए कि वह सबसे खतरनाक गेंदबाज हैं। एक बार जब वह सेट हो गए, तो वह बेहद आक्रामक दिखे। मुझे कार्तिक शर्मा से इस विकेट पर इतना अच्छा खेलने की उम्मीद



नहीं थी। मुझे लगा था कि उन्हें तो यह मैच खेलना ही नहीं चाहिए था। लेकिन उन्होंने मुझे गलत साबित कर दिया । उन्होंने आगे कहा कि बस एक ही बात है, छक्का या चौका लगाने के बाद वह कई बार डॉट बॉल खेलते हैं। उन्हें सीखना होगा कि छक्का लगाने के बाद एक रन लेकर स्ट्राइक देवाल्ड ब्रेविस को कैसे दी जाए। ब्रेविस ने अपनी लय खो दी क्योंकि कार्तिक शर्मा के साथ साझेदारी में उन्हें स्ट्राइक नहीं मिली। चेन्नई सुपर किंग्स की बात करें तो, उनका अगला मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। टूर्नामेंट के 63वें मैच में दोनों टीमें 18 मई को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में आमने–सामने होंगी।

# मिचेल स्टार्क के चौके के बाद आशुतोष-अक्षर का धमाल, दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रायल्स को 5 विकेट से हराया

मिचेल स्टार्क के चार विकेट के बाद आखिरी ओवरों में अक्षर पटेल और आशुतोष शर्मा की आक्रामक पारियों की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल के मैच में रविवार को राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हराकर प्लेआफ की उम्मीदें कायम रखी है। मिचेल स्टार्क की घातक गेंदबाजी (4 विकेट) और आखिरी ओवरों में अक्षर पटेल तथा इम्पैक्ट प्लेयर आशुतोष शर्मा की तूफानी पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को खेले गए एक बेहद रोमांचक मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से शिकस्त दे दी। इस अहम जीत के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल के इस सीजन में अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा है। इस जीत के बाद दिल्ली की टीम 13 मैचों में 12 अंक लेकर अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, राजस्थान रॉयल्स 12 मैचों में 12 अंकों के साथ छठे स्थान पर खिसक गई है। समान अंकों (12 अंक) के साथ चेन्नई सुपर किंग्स बेहतर रन रेट के आधार पर पांचवें पायदान पर काबिज है। जीत के लिये 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली को आखिरी दो ओवर में 19 रन की जरूरत थी और इंपैक्ट सब आशुतोष ने 19वें ओवर में बृजेश शर्मा को छक्का और आखिरी ओवर की पहली दो गेंदों में एडम मिल्ने को चौका और छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई। अक्षर 18 गेंद में 34 और आशुतोष पांच गेंद में 18 रन बनाकर नाबाद रहे। इस जीत के बाद दिल्ली 13 मैचों में 12 अंक लेकर सातवें स्थान पर आ गई है जबकि रॉयल्स 12 मैचों में 12 अंक लेकर छठे स्थान पर खिसक गए हैं।वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के भी 12 मैचों में 12 अंक है लेकिन बेहतर रनरेट के आधार पर वह पांचवें स्थान पर है। इससे पहले स्टार्क के चार गेंद में तीन विकेट के बूते आखिरी ओवरों में वापसी करते हुए दिल्ली ने अपने घरेलू मैदान पर इस सत्र के आखिरी मैच में राजस्थान रॉयल्स को आठ विकेट पर 193 रन पर रोक दिया। एक समय पर लग रहा था कि रॉयल्स 230 के आसपास पहुंच जायेगी लेकिन सीम और स्विंग के महारथी आस्ट्रेलियाई धुरंधर स्टार्क ने 15वें ओवर में आक्रामक खेल रहे रॉयल्स के कप्तान रियान पराग (26 गेंद में 51) और डोनोवन फरेरा (0) को लगातार गेंद पर आउट किया जबकि रवि सिंह (चार) भी पगबाधा आउट हुए। रॉयल्स का स्कोर 14वें ओवर के बाद दो विकेट पर 160 रन था और लग रहा था कि टीम 230 के आसपास पहुंच जायेगी लेकिन आखिरी छह ओवर में सिर्फ 33 रन बने और छह विकेट गिर गए। स्टार्क ने चार ओवर में 40 रन देकर चार, लुंगी एंगिडि ने चार ओवर में 24 रन देकर और माधव तिवारी ने 27 रन देकर दो दो विकेट लिये। स्टार्क का चौथा शिकार दासुन शनाका (10) बने जो 19वें ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स को कैच देकर लौटे। जवाब में दिल्ली की शुरूआत अच्छी रही और अभिषेक पोरेल (30 गेंद में 50 रन) के साथकेएल राहुल (42 गेंद में 56) ने पहले विकेट की साझेदारी में 60 गेंद में 105 रन जोड़े। राहुल को पहले ही ओवर में आर्चर की गेंद पर यशराज पुंजा ने जीवनदान दिया। रॉयल्स की फील्डिंग बहुत ही औसत स्तर की रही और ओवरथ्रो में फालतू रन देने के साथ उसके क्षेत्ररक्षकों ने कैच भी टपकाये। इस साझेदारी को बृजेश शर्मा ने तोड़ा जिन्होंने 11वें ओवर में पोरेल को डोनोवन फरेरा के हाथों लपकवाया। राहुल को दासुन शनाका ने बोल्ड किया। इस सत्र में 500 से ज्यादा रन बना चुके राहुल ने काफी धीमी पारी खेली। आखिरी तीन ओवर में दिल्ली को 35 रन चाहिये थे और रॉयल्स के कप्तान रियाग पराग ने 18वां ओवर डोनोवन परेरा को दे दिया जिन्होंने 16



रन दिये। डेविड मिलर और अक्षर पटेल ने उन्हें छक्के लगाये।इससे पहले रॉयल्स के लिये पराग के अलावा 'वंडर ब्वॉय' वैभव सूर्यवंशी (21 गेंद में 46 रन) और ध्रुव जुरेल (40 गेंद में 53 रन) ने उपयोगी पारियां खेली।आईपीएल के इस सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे सूर्यवंशी को देखने के लिये अरूण जेटली स्टेडियम में भारी तादाद में दर्शक पहुंचे थे और इस युवा बल्लेबाज ने उन्हें निराश भी नहीं किया। पहले ओवर में स्टार्क का सामना हालांकि यशस्वी जायसवाल ने किया और उन्हें फॉरवर्ड स्क्वेयर लेग, स्ट्रेट तथा एक्स्ट्रा कवर में चौके लगाये। सूर्यवंशी ने लुंगी एंगिडि को पहली गेंद पर छक्का लगाकर खाता खोला। इसी ओवर में हालांकि जायसवाल (नौ गेंद में 12 रन) पवेलियन लौट गए जिनका कैच स्टार्क ने लपका। स्टार्क का स्वागत अगले ओवर में सूर्यवंशी ने शार्ट थर्डमैन पर चौके के साथ किया। सौ से ज्यादा टेस्ट खेल चुके स्टार्क की 140 किमी रफ्तार की गेंद पर पूरी सहजता से सूर्यवंशी ने लांग लेग की तरफ ऊंचा छक्का लगाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आईपीएल में पदार्पण कर रहे त्रिपुराना विजय को दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने पावरप्ले के भीतर ही गेंद सौंप दी जिन्हें तीन चौके और एक छक्का लगाकर सूर्यवंशी ने दबाव में ला दिया। वह हालांकि खुशकिस्मत रहे कि समीर रिजवी उनका कठिन कैच नहीं लपक सके जब वह 31 रन पर थे। मिड आन से पीछे की ओर भागते हुए रिजवी ने गेंद को लपकने के लिये दिशा बदली लेकिन उनका अनुमान गड़बड़ा गया। दूसरे छोर से जुरेल ने मुकेश कुमार को छक्का लगाकर दूसरे विकेट के लिये 23 गेंद में 50 रन की साझेदारी पूरी की। पावरप्ले के छह ओवरों के बाद रॉयल्स का स्कोर एक विकेट पर 75 रन था। अक्षर ने आठवें ओवर में गेंद माधव तिवारी को सौंपी जिन्होंने कप्तान के भरोसे पर खरा उतरकर सूर्यवंशी (पांच चौके और तीन छक्के) की पारी का अंत किया। सूयवंशी का कैच डेविड मिलर ने लपका। सूर्यवंशी के जाने के बाद कप्तान पराग ने मोर्चा संभाला और 11वें ओवर में अक्षर को दो छक्के लगाये। पिछले ओवर में माधव की गेंद पर सीमारेखा के पास ट्रिस्टन स्टब्स ने उनका कैच लपका और अंपायर ने आउट भी करार दिया लेकिन रिव्यू से पता चला कि गेंद जमीन को छू गई थी लिहाजा अंपायर का फैसला बदला।

# पुणे में बड़ा दांव, मेकइनइण्डियां को बूस्ट देने के लिए 510 करोड़ का निवेश

जीई एयरोस्पेस ने अपने पुणे संयंत्र में 100 करोड़ रुपये के नए निवेश की घोषणा की है, जिससे भारत में कंपनी का कुल निवेश 510 करोड़ रुपये हो जाएगा। इस निवेश का उद्देश्य उत्पादन क्षमता बढ़ाना और वाणिज्यिक विमान इंजनों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले घटकों की आपूर्ति को समर्थन देना है, जो भारत के एयरोस्पेस उद्योग को मजबूती प्रदान करेगा।

जीई एयरोस्पेस भारत में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए पुणे स्थित अपने विनिर्माण संयंत्र में अवसंरचना उन्नयन एवं अन्य कार्यों के लिए 100 करोड़ रुपये का नया निवेश करेगी। पिछले तीन वर्षों में वाणिज्यिक विमान इंजनों के लिए महत्वपूर्ण घटक बनाने वाले इस संयंत्र में कंपनी का कुल निवेश 510 करोड़ रुपये हो जाएगा। कंपनी ने सोमवार को 100 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा करते हुए कहा कि यह राशि नई वेल्डिंग प्रौद्योगिकियों, उन्नत निरीक्षण उपकरण, सटीक औजार, गेज, फिक्स्चर और अतिरिक्त अवसंरचना उन्नयन पर खर्च




की जाएगी। इसका उद्देश्य उत्पादन क्षमता बढ़ाना, प्रक्रियाओं की सटीकता सुधारना और वैश्विक ग्राहकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले घटकों की आपूर्ति को समर्थन देना है। पुणे संयंत्र के पास स्थानीय स्तर पर 300 से अधिक आपूर्तिकर्ता हैं जबकि भारत में जीई एयरोस्पेस के कुल आपूर्तिकर्ताओं का व्यापक नेटवर्क 2,200 से अधिक का है। कंपनी ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, '' यह नवीनतम निवेश पिछले दो वर्ष में घोषित 410 करोड़ रुपये के निवेश पर आधारित है जिससे तीन वर्ष में पुणे संयंत्र में जीई एयरोस्पेस का कुल निवेश 510 करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा।'' पुणे विनिर्माण संयंत्र के प्रबंध निदेशक विश्वजीत सिंह ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा कि यह निवेश भारत में विनिर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। उन्होंने कहा, '' हम कौशल विकास पर काम कर रहे हैं जो भारत में वैमानिकी उद्योग के लिए एक संसाधन बनेगा... मुझे लगता है कि आपूर्तिकर्ताओं और कौशल विकास के माध्यम से हमने भारत में वैमानिकी उद्योग को लेकर सरकार के दृष्टिकोण में वास्तव में योगदान दिया है।'' उन्होंने बताया कि 2015 से अब तक इस संयंत्र ने 5,000 से अधिक उत्पादन सहयोगियों को प्रशिक्षित किया है जिससे देश में वैमानिकी विनिर्माण प्रतिभा का एक मजबूत आधार तैयार हुआ है। जीई एयरोस्पेस का बेंगलुरु में एक प्रौद्योगिकी केंद्र भी है।

# डालर के मुकाबले रुपये के 96 के पार लुढ़कने का सीधा असर आम आदमी पर

डॉलर के मुकाबले रुपये के 96 के पार लुढ़कने का सीधा असर आम आदमी पर पड़ेगा, जिससे महंगाई, पेट्रोल–डीजल और आयातित वस्तुओं की कीमतें बढ़ेंगी। विशेषज्ञों के अनुसार, महंगे कच्चे तेल के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है और त्ठप् को बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर अब भारत की अर्थव्यवस्था और आम लोगों की जेब पर भी दिखने लगा हैं। ईरान युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ती अस्थिरता के बीच भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया हैं। पहली बार रुपया 96 के पार फिसल गया, जिससे बाजार और कारोबार जगत में चिंता बढ़ गई है।मौजूद जानकारी के अनुसार शुक्रवार को भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.05 पर पहुंच गया। इससे पहले रुपया 95.9575 के स्तर तक गिरा था, जो उस समय का रिकॉर्ड निचला स्तर माना गया था। विशेषज्ञों का कहना है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष भारतीय मुद्रा पर लगातार दबाव बना रहे है।बता दें कि भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में तेजी का सीधा असर भारतीय अर्थव्यवस्था और रुपये की मजबूती पर पड़ता हैं। शुक्रवार को ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत करीब 110 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बनी रही, जिससे भारत का आयात खर्च बढ़ने की आशंका और गहरी हो गई हैं।गौरतलब है कि एशिया की प्रमुख मुद्राओं में भारतीय रुपया इस समय सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं में शामिल हो गया हैं। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अगर कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 140 से 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचती हैं, तो रुपये पर दबाव और ज्यादा बढ़ सकता हैं।कमजोर रुपया आम लोगों की जिंदगी पर भी असर डालता हैं। क्योंकि भारत कच्चा तेल अमेरिकी डॉलर में खरीदता हैं, इसलिए रुपया कमजोर होने पर तेल



आयात महंगा हो जाता हैं। इसका असर पेट्रोल–डीजल की कीमतों, महंगाई और रोजमर्रा की चीजों पर दिखाई देता हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक रुपये में गिरावट आने से विदेशों से आयात होने वाले इलेक्ट्रॉनिक सामान, सोना, लक्जरी कारें, घड़ियां, खाने के तेल और प्राकृतिक गैस जैसी वस्तुएं महंगी हो सकती हैं।

# फिल्म पेड्डी से दिव्येंदु की आई पहली झलक, खलनायक बनकर मचाएंगे तहलका

सुपरस्टार राम चरण की फिल्म पेड्डी सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोर रही है। गेम चेंजर (2025) के बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप होने के बाद लोग उनकी इस फिल्म से काफी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। फिल्म में जाह्नवी कपूर मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नजर आएंगी। इसके अलावा एक और बॉलीवुड अभिनेता हैं, जो पेड्डी में तहलका मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह वेब सीरीज मिर्जापुर वाले दिव्येंदु हैं, जिनकी फिल्म से पहली झलक आ गई है।पोस्टर में दिव्येंदु को रामबुज्जी के किरदार में पेश किया गया है। फिल्म में उन्हें ग्रामीण आंध्र प्रदेश की क्रिकेट से भरी दुनिया में अपना दबदबा बनाए रखने वाले एक निर्मम खलनायक के रूप में देखा जाएगा। पोस्टर में उनका जोशीला और तीव्र लुक देखने को मिला है, जो कहानी में एक रोमांचक, प्रतिद्वंदी और गंभीर टकराव होने का संकेत देता है। फिल्म का ट्रेलर 18 मई को रिलीज होगा, जबकि ये 4 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।राम चरण की पेद्दी को लेकर लोगों में उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है, क्योंकि मेकर्स फिल्म में राम चरण के जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन वाले शानदार पोस्टर और दमदार झलकियां लगातार जारी कर रहे हैं। बुची बाबू सना द्वारा लिखी और निर्देशित श्क्कद्गस्न्स्नद्ब्य में राम चरण मुख्य भूमिका में हैं, और उनके साथ शिव राजकुमार, जाह्नवी कपूर, दिव्येंदु शर्मा और जगपति बाबू भी नजर आएंगे।वृद्धि सिनेमाज के बैनर तले वेंकट सतीश किलारू द्वारा निर्मित और मैत्री मूवी मेकर्स के सहयोग से बनी यह फिल्म दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्सुकता जगा रही है। धुरंधर और राजा शिवाजी की शानदार सफलता के बाद, शपेद्दीय को उत्तरी भारत (नॉर्थ इंडिया) में जियो स्टूडियोज द्वारा रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का प्रीमियर



3 जून, 2026 को दुनिया भरमें होगा, जिसके बाद 4 जून, 2026 को इसे दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

# अनन्या-लक्ष्य की चांद मेरा दिल रिलीज के पहले दिन करेगी दमदार ओपनिंग? मेकर्स ने चली ये चाल

अनन्या पांडे और लक्ष्य स्टारर फिल्म चांद मेरा दिल साल की मच अवेटेड फिल्म है और ये शुक्रवार, 22 मई को बड़े पर्दे पर रिलीज होने जा रही है. इससे पहले, खबरों के मुताबिक धर्मा प्रोडक्शंस ने फिल्म की रिलीज के लिए एक नई स्ट्रैटजी फॉलो की है. दरअसल प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म की रलीज के पहले दिन दर्शकों को अट्रैक्ट करने के लिए टिकटों की कीमतें किफायती रखने का फैसला किया है.
रिपोर्ट के मुताबिक, चांद मेरा दिल का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस ने किया है और वे ही फिल्म का डिस्ट्रिब्यूशन भी कर रहे हैं. उन्होंने सिनेमाघरों को इंफॉर्म किया है कि टिकट बेहद किफायती दामों पर बेचे जाने चाहिए. जिसके बाद शुक्रवार, 22 मई को शाम 5रू00 बजे से पहले के सभी शो के टिकट महज 149 रुपये में अवेलेबल होंगे. वहीं शाम 5रू00 बजे के बाद टिकट 199 रुपये में बेचे जाएंगे.
रिपोर्ट के मुताबिक सूत्र ने आगे बताया, यह ऑफर केवल रिलीज के दिन ही वैलिड होगा. शनिवार और रविवार को सिनेमाघरों को वीकेंड के नॉर्मल रेट पर टिकट बेचने के निर्देश दिए गए हैं. साथ ही, 149 रुपये और 199 रुपये के टिकट केवल सामान्य सीटों के



लिए ही अवेलेबल होंगे. यह ऑफर रिक्लाइनर, लग्जरी स्क्रीन या प्रीमियम क्लास पर लागू नहीं होगा.
रिपोर्ट के मुताबिक सूत्र ने आगे बताया, चांद मेरा दिल यंगस्टर्स और कॉलेज गोइंग स्टूडेंट्स ध्यान में रखकर बनाई गई है. वे इस ऑफर से काफी अट्रैक्ट होंगे. इस ऑफर की वजह से सिनेमाघरों को उम्मीद है कि 25 साल से कम उम्र के दर्शक बड़ी संख्या में चांद मेरा दिल देखने आएंगे. ऐसा पिछले साल की स्लीपर ब्लॉकबस्टर फिल्म सैयारा (2025) के दौरान देखने को मिला था.
चांद मेरा दिल का निर्देशन विवेक सोनी ने किया है, जिन्होंने इससे पहले नेटफ्लिक्स की फिल्म मीनाक्षी सुंदरेश्वर का निर्देशन किया था। फिल्म का निर्माण करण जौहर, आदर पूनावाला, अपूर्वा मेहता, सोमेन मिश्रा और मारिजके डिसूजा ने धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है. फिल्म में अनन्या पांडे और लक्ष्य लीज रोल में हैं. ये फिल्म 22 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है.

## तूफान से पहले की शांतिरू एनटीआरनील के धमाकेदार फर्स्ट ग्लिम्प्स से पहले मेकर्स ने जारी की नई झलक

एनटीआरनील उन सबसे बड़ी फिल्मों में शामिल है, जिसका हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है. मैन ऑफ द मासेस एनटीआर और मशहूर निर्देशक प्रशांत नील जैसे इंडस्ट्री के दो बड़े नाम पहली बार साथ आ रहे हैं, जिससे यह फिल्म बड़े पर्दे पर एंटरटेनमेंट को नए लेवल पर ले जाने वाली एक विशाल सिनेमाई पेशकश बन गई है. फिल्म की पहली झलक 19 मई की आधी रात को आने वाली है, जो 20 मई को एनटीआर के जन्मदिन के मौके से भी जुड़ी है. इसी बीच मेकर्स ने एक नई तस्वीर जारी कर उत्साह को और बढ़ा दिया है.

19 मई की आधी रात होने वाले एनटीआरनील के बड़े ग्लिम्प्स रिवील से पहले मेकर्स ने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें रेगिस्तान में एक शख्स हाथ में डंडा लिए खड़ा नजर आ रहा है. इस तस्वीर ने अब आगे क्या सामने आने वाला है, इसे लेकर फैंस की उत्सुकता और बढ़ा दी है. इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, तूफान से पहले की शांति, बाकी खाली जगह में क्या भरना है, ये आप जानते हैं. हैदराबाद में होने वाले एनटीआर के जन्मदिन के जश्न और 19 मई की आधी रात को रिलीज होने वाली एनटीआरनील की झलक के साथ, यह मौका देश भर के फैंस के लिए एक बड़ा सेलिब्रेशन बनने जा रहा है. यह पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों खुशियों को एक साथ लाता है, जिससे उत्साह और इंतजार की एक लहर पैदा हो गई है. फिल्म ने अपने ऐलान के बाद से ही जबरदस्त चर्चा बटोरी है, और फैंस इसकी हर अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. दो बड़े पावरहाउस नामों के साथ आने से एनटीआरनील सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल हो चुकी है और दर्शक यह देखने के लिए उत्साहित हैं ।

# सूर्या के आगे पानी भरते दिखे आयुष्मान खुराना और संजय दत्त, करुप्पु ने लूटा बाक्स आफिस पहले दिन कूट डाले 14.40 करोड़

सिनेमाघरों में इस शुक्रवार (15 मई, 2026) को एक साथ 3 फिल्मों के बीच महामुकाबला देखने को मिला। बॉक्स ऑफिस पर साउथ के अभिनेता सूर्या की करुप्पु, आयुष्मान खुराना की रोमांटिक–कॉमेडी पति पत्नी और वो 2 और संजय दत्त की सस्पेंस–थ्रिलर आखिरी सवाल एक ही दिन रिलीज हुईं। अब पहले दिन की कमाई के जो आंकड़े सामने आए हैं, उसने साफ कर दिया है कि दर्शकों पर सिर्फ साउथ सुपरस्टार सूर्या का जादू चला है।

आयुष्मान, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी अभिनीत पति पत्नी और वो दो ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर खास शुरुआत नहीं की। सैकनिल्क के मुताबिक, इस फिल्म ने अपने ओपनिंग डे पर 3.85 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। हालांकि, ये फिल्म बंपर ओपनिंग लेने में नाकाम रही और 2019 में आई अपने ही प्रीक्वल पति पत्नी और वो (जिसने पहले दिन 9.10 करोड़ कमाए थे) के मुकाबले आधी कमाई भी नहीं कर सकी।

संजय दत्त, अमित साध और नमाशी चक्रवर्ती की पॉलिटिकल–ड्रामा फिल्म आखिरी सवाल भी 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा पर आधारित इस फिल्म को लेकर रिलीज से पहले काफी विवाद और चर्चाएं थीं, लेकिन ये चर्चा कमाई में तब्दील नहीं हो सकी। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब प्रदर्शन किया और ओपनिंग डे पर महज 40 लाख रुपये जुटा पाई। फिल्म को लेकर दर्शकों की प्रतिक्रिया बेहद ठंडी रही।दूसरी ओर आर्थिक दिक्कतों और शोज रद्द होने जैसी कई शुरुआती मुश्किलों का सामना



करने के बाद सूर्या और तृषा कृष्णन की एक्शन–ड्रामा फिल्म करुप्पु एक दिन की देरी से 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। तमाम अड़चनों के बावजूद इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कदम रखते ही धमाल मचा दिया है। सैकनिल्क के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, इस फिल्म ने देशभर में पहले दिन 14.40 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की है।

आरजे बालाजी के निर्देशन में बनी फिल्म करुप्पु में सूर्या एक ऐसे जांबाज वकील और योद्धा की भूमिका निभा रहे हैं, जो अदालती लड़ाई जीतना बखूबी जानता है। ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म की पटकथा अश्विन रविचंद्रन और राहुल राज सहित अन्य लेखकों ने मिलकर लिखी है।

# नई फिल्मों की भीड़ के बीच भी राजा शिवाजी ने 15वें दिन की अच्छी कमाई, अब बनाने वाली है ये महा रिकार्ड

ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म राजा शिवाजी 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा परफॉर्म कर रही है. इस फिल्म को रितेश देशमुख ने लिखा, निर्देशित किया और इसमें अभिनय भी किया है. फिल्म ने भारत में महज दो हफ्तों में 75 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. अब ये तीसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है. चलिए यहां जानते हैं राजा शिवाजी ने रिलीज के तीसरे फ्राइडे यानी 15वें दिन कितना कलेक्शन किया है?

राजा शिवाजी ने बॉक्स ऑफिस पर दो हफ्तों तक गदर परफॉर्म किया है. इस दौरान टिकट खिड़की पर इस फिल्म की हुकूमत देखी गई. लेकिन रिलीज के तीसरे हफ्ते में एंट्री करते ही इसे आयुष्मान खुराना की पति पत्नी और वो के अलावा संजय दत्त की आखिरी सवाल से मुकाबला करना पड़ा है. हालांकि ये नई फिल्में राजा शिवाजी का क्रेज कम नहीं कर पाई हैं इसी के साथ इस फिल्म ने 15वें दिन यानी तीसरे फ्राइडे भी अच्छी कमाई की है.

फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो राजा शिवाजी ने पहले



हफ्ते में 52.65 करोड़ की कमाई की थी. वहीं दूसरे हफ्ते इस फिल्म की कमाई 24.30 करोड़ रुपये रही है. अब सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक राजा शिवाजी ने रिलीज के 15वें दिन यानी तीसरे फ्राइडे को 1.45 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ राजा शिवाजी की 15 दिनों की कुल कमाई अब 78.40 करोड़ रुपये हो गई है.
राजा शिवाजी ने रिलीज के 15 दिनों में 78.40 करोड़ की कमाई कर डाली है. और ये बैपन भारी देवा के 76.28 करोड़ के लाइफटाइम कलेक्शन को पछाड़ कर दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मराठी फिल्म बन गई है. अब ये सैराट के 80.98 करोड़ के आंकड़े को पीछे छोड़ने से महज 2 करोड़ के करीब दूर है. तीसरे शनिवार को फिल्म ये मील का पत्थर भी पार कर देगी और मराठी की सबसे बड़ी फिल्म का रिकॉर्ड अपने नाम कर लेगी.बता दें कि राजा शिवाजी में रितेश देशमुख ने लीड रोल प्ले किया है. वहीं फिल्म के अन्य दमदार कलाकारों की टोली में अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, जेनेलिया डिसूजा, विद्या बालन, भाग्यश्री, बोमन ईरानी, सचिन खेड़कर सहित कई सितारे शामिलहैं.

## भूत बंगला की 29वें दिन घटी कमाई लेकिन बनाने वाली है बड़ा रिकार्ड, भूल भुलैया 2 को मात देने चाहिए बस 3.61 करोड़

अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी ने सालों बाद भूत बंगला से बड़े पर्दे पर दस्तक दी थी और उम्मीद के मुताबिक उन्होंने दर्शकों को खूब एंटरटेन किया. उनकी ये हॉरर कॉमेडी फिल्म सिनेमाघरों में एक महीना पूरा कर चुकी है. इस दौरान इसने





अच्छा खासा कलेक्शन कर लिया है और अक्षय कुमार की एक अदद हिट की मुराद भी पूरी कर दी है. अब ये फिल्म एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम करने वाली है?

भूत बंगला ने सिनेमाघरों में रिलीज के चार हफ्ते पूरे कर लिए हैं और अब ये पांचवें हफ्ते में एंट्री कर चुकी है. वहीं 5वें फ्राइडे को इस फिल्म को कई नई और कुछ हफ्ते पुरानी मूवीज से मुकाबला करना पड़ा है इनमें पति पत्नी और वो, आखिरी सवाल, करुप्पु से लेकर धुरंधर 2, दादी की शादी, कृष्णावतारम पार्ट 1रू द हार्ट और राजा शिवाजी जैसी फिल्में शामिल हैं. इसके चलते इसकी कमाई में पहली बार बड़ी गिरावट दर्ज की गई है और इसका कलेक्शन लाखों में सिमट गया है.सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक भूत बंगला ने रिलीज के 29वें दिन महज 75 लाख रुपये कमाए हैं. इसी के साथ कोईमोई के आंकड़ों के मुताबिक इस फिल्म की भारत में 29 दिनों की कुल नेट कमाई अब 181.96 करोड़ रुपये हो गई है. वहीं इसका ग्रॉस कलेक्शन 214.71 करोड़ रुपये हो गया है. अक्षय कुमार स्टारर भूत बंगला अब कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 2 को मात देने से इंचभर दूर है. बता दें कि भूल भुलैया 2 का भारत में लाइफटाइम कलेक्शन 185.57 करोड़ है जबकि भूत बंगला की कमाई 181.96 करोड़ रुपये हो चुकी है. ऐसे में सिर्फ 3.61 करोड़ रुपये और कमाते ही ये भूल भुलैया को मात दे देगी और हॉरर कॉमेडी फिल्म की लिस्ट में चौथे नंबर पर पहुंच जाएगी.उम्मीद है कि पांचवें वीकेंड पर भूत बंगला ये उपलब्धि हासिल कर लेगी.

# मेहनत और लगन पर मेरा भरोसा, ईमानदारी से काम किया तो मुश्किलें अपने आप दूर हो जाती हैं- अद्रिजा राय

लोकप्रिय टीवी शो अनुपमाद्य में राही का किरदार निभा रही अभिनेत्री अद्रिजा रॉय को उनके इस किरदार में काफी पसंद किया जा रहा है। इस बीच अभिनेत्री ने काम को लेकर अपने विचार प्रशंसकों के सामने रखी। अद्रिजा का स्पष्ट मानना है कि ईमानदारी और कड़ी मेहनत के साथ अगर आप पूरी लगन से अपना काम करते हैं तो राह में आने वाली मुश्किलें और बाधाएं अपने आप दूर हो जाती हैं। अद्रिजा रॉय ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि टीवी शो अनुपमा में उनकी एंट्री के बावजूद वे हमेशा से जानती थीं कि यह शो रूपाली गांगुली के किरदार अनुपमाद्य के इर्द–गिर्द घूमता है। उन्होंने कहा, जब मुझे नई पीढ़ी के लीप के लिए संपर्क किया गया तो मैं बेहद उत्साहित थी। अनुपमाद्य अपने आप में एक ब्रांड है। इतने बड़े और सफल शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बड़ी उपलब्धि है। मुझे जो भूमिका और जगह दी गई, उससे मैं पूरी तरह संतुष्ट और खुश हूं।द्य वे मानती हैं कि सफलता की राह में चुनौतियां आती हैं, लेकिन सही मंशा और मेहनत के साथ हर मुश्किल आसान हो जाती है। उन्होंने बताया कि वह शोहरत, टीआरपी या रैंकिंग की बजाय अपने काम और परफॉर्मेंस पर पूरा ध्यान देती हैं। अद्रिजा ने बताया, मेरा हमेशा से मानना है कि ईमानदारी से अपना काम किया जाए तो राह में आने वाली मुश्किलें अपने आप ठीक हो जाती हैं।

अभिनेत्री ने अनुपमाद्य के प्रोड्यूसर राजन शाही की तारीफ करते हुए कहा कि वह सेट पर हर एक्टर को यही सलाह देते हैं कि टीआरपी या रेटिंग के बारे में न सोचें, बस अपनी परफॉर्मेंस पर ध्यान दें। अद्रिजा भी इसी विचार से सहमत हैं। उन्होंने कहा, मैं बाहरी दबाव या तनाव को ज्यादा प्रभावित नहीं होने देती। हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करती हूं।द्य

एक्ट्रेस का यह भी मानना है कि उनमें और शो के उनके किरदार में कई समानताएं हैं। उन्होंने बताया, मुझमें और राही में निश्चित रूप से कई समानताएं हैं, खासकर सकारात्मक नजरिए से। कहानी में कुछ स्थितियां पूरी तरह से नाटकीय प्रभाव के लिए लिखी गई हैं, जिन्हें हम एक्टर के तौर पर निभाते हैं। निजी तौर पर, हो सकता है कि मैं हमेशा हर काम से खुद को जोड़ न पाऊं। लेकिन जब भी राही शो में भावनात्मक रूप से प्रतिक्रिया देती है, खासकर उन दृश्यों में



जिनमें उसकी मां शामिल होती है, तो मैं उसके नजरिए को समझने की कोशिश करती हूं। कभी–कभी दर्शकों को लग सकता है कि वह गलत है,

## लोकाह चौप्टर 1 एक्ट्रेस ने कान्स में ढाया कहर, बाडीकान ड्रेस में कल्याणी प्रियदर्शन ने दिए कातिलाना पोज

साउथ एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में रेड कार्पेट पर डेब्यू कर हर किसी का ध्यान खींच लिया. अपने ग्लैमरस लुक और स्टाइलिश अंदाज से एक्ट्रेस ने फैंस को खूब इंप्रेस किया. उनकी कई फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं.कान्स 2026 के चौथे दिन कल्याणी प्रियदर्शन ने रेड कार्पेट पर सारी लाइमलाइट लूट ली थी. एक्ट्रेस ने खुद अपनी कई फोटोज शेयर की हैं. अपने कान्स डेब्यू के लिए कल्याणी प्रियदर्शन ने बेहद रॉयल और क्लासी लुक चुना. एक्ट्रेस पर्पल कलर के स्ट्रैपलेस गाउन में रेड कार्पेट पर नजर आई. कल्याणी ने इस गाउन के साथ चोकर और मैचिंग ईयररिंग्स पेयर किए थे. जो लुक को काफी ग्रेसफुल बना रहे थे.

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।